# 'डॉकिंग' से अंतरिक्ष में खुले अनंत द्वार

नये साल की शुरुआत के साथ ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक कामयाबी हासिल कर ली। इसरो ने 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' यानी स्पेडेक्स के तहत दो उपग्रहों की अंतरिक्ष में डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इस सफलता के बाद अब भारत अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। इस ऐतिहासिक कामयाबी से भारत अमेरिका,रूस व चीन के बाद यह लक्ष्य हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। इस मिशन की कामयाबी से भारत के चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे मिशनों का भविष्य तय हुआ है। जहां चंद्रयान-4 मिशन से चंद्रमा की मिट्टी के नमूने भारत लाए जाएंगे, वहीं गगनयान मिशन के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जा सकेगा। दरअसल, स्पेडेक्स दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के लिये एक किफायती प्रौद्योगिक मिशन है। गत तीस दिसंबर को इसरो ने इस प्रयोग को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसके अंतर्गत दो छोटे उपग्रहों को पीएसएलवी सी-60 के जरिये श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था। प्रक्षेपण के 15 मिनट बाद 220 किलो वजनी दो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया गया था। बीते कल डॉकिंग के बाद एक सिंगल ऑब्जेक्ट के रूप में स्पेसक्राफ्ट का नियंत्रण सफलता पूर्वक किया गया। आने वाले दिनों में अनडॉकिंग और पॉवर स्थानांतरण की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। दरअसल, अंतरिक्ष में डॉकिंग का मतलब है दो अंतरिक्ष यानों को आपस में जोड़ना। इस डॉकिंग प्रक्रिया को धरती से संचालित किया गया था। कालांतर ये दोनों उपग्रह अपने पेलोड के ऑपरेशन शुरू करेंगे। ये दो साल तक मूल्यवान डेटा इसरो को भेजते रहेंगे। निश्चित रूप से यह प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, बिना गुरुत्वाकर्षण के बीच तेज गति से घूम रहे उपग्रहों को आपस में जोड़ना बेहद कठिन कार्य होता है। लेकिन भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की मेधा से यह संभव हुआ है।

बहरहाल, इस मिशन की सफलता ने आने वाले समय में गगनयान मिशन, अंतरिक्ष स्टेशन बनाने व भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष यात्री भेजने के अभियान की सफलता की राह सुगम कर दी है। इतना ही नहीं, अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के बाद वहां आने-जाने के लिये भी डॉकिंग तकनीक उपयोगी साबित होगी। वहीं दूसरी ओर सैटेलाइट सर्विसिंग, इंटरप्लेनेटरी मिशन और इंसान को चंद्रमा पर भेजने के लिये भी यह तकनीक जरूरी थी। निस्संदेह, यह अभियान खासा चुनौतीपूर्ण था। गुरुवार को मिली सफलता से पहले सात और नौ जनवरी को तकनीकी कारणों से इस मिशन को टाला गया था। फिर बारह जनवरी को इसरों ने एक परीक्षण किया था, जिसमें दोनों उपग्रहों को तीन मीटर तक की दूरी तक लाया गया था। इसके बाद आगे के प्रयोगों के लिये सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय वैज्ञानिकों ने खुद का डॉकिंग मैकेनिज्म विकसित किया। इस बेहद जटिल व संवेदनशील तकनीक को अब तक कामयाब हुए देशों ने भारत को नहीं दिया था। इसीलिए इसरो ने इसे 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' नाम देकर पेटेंट भी करा लिया है। निश्चय ही यह भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धि का गौरवशाली क्षण बना है। यह हमारी अंतरिक्ष में एक लंबी छलांग भी है। वाकई इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है। जो आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अतंरिक्ष मिशनों की राह सुगम बनाएगा। निश्चित रूप से अब आने वाले सामरिक व रणनीतिक लक्ष्यों के लिये अंतरिक्ष में कामयाबी निर्णायक साबित हो सकती है। भारतीय वैज्ञानिकों की यह कामयाबी नई उम्मीद जगाती है। अंतरिक्ष में दबदबा बनाने के लिये अमेरिका व चीन में कड़ी प्रतिस्पर्धा जारी है। दोनों चंद्रमा पर अपना वर्चस्व बनाने की होड़ कर रहे हैं। पिछले दिनों चीन ने आरोप लगाया था कि अमेरिका के अंतरिक्ष बल द्वारा जापान में एक इकाई तैनात करने से वैश्विक रणनीतिक स्थिरता को खतरा पैदा हो गया है। हालांकि खुद बीजिंग भी अंतरिक्ष में अपनी सैन्य क्षमताओं का तेजी से विस्तार कर रहा है। यह भारत के लिये भी चिंता की स्थिति है। ऐसे में भारत को अपने अत्याधुनिक अंतरिक्ष कार्यक्रम को गति देने में कोई ढील नहीं देनी चाहिए।

## गिरिधर राय की कुण्डलियां



डॉ.गिरिधर राय, सुप्रतिष्ठित कवि

### जेब जरा सी क्या फटी

जेब जरा सी क्या फटी,दिखा अजब संयोग
सिक्कों से पहले गिरे, बहुत करीबी लोग
बहुत करीबी लोग, गजब का पाठ पढ़ाया
पढ़ी किताबें बहुत, मगर यह पाठ न पाया
कहते **गिरधर राय**- हृदय पर सिर्फ उदासी
गए चढ़ा कर लोग, फटी क्या जेब जरा सी

## आज का पंचांग

**कोलकाता** : 18 जनवरी, शनिकवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ कृष्णपक्ष पंचमी, 31:30 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 14:50 तक, योग : शोभना, 25:15 तक, सूर्योदय: 6:19, सूर्यास्त: 17:15 चन्द्रोदय : 21:18, चन्द्रास्त: 09:11, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 09:04 से 10:25

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि के लोगों को करियर के मामले में प्रबल लाभ के योग बन रहे हैं। आपका मन प्रसन्न रहेगा और कारोबार में कोई खास डील होने से आपको प्रसन्नता होगी।

**वृष** : वृष राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं और आपकी तरक्की होगी।

**मिथुन** : मिथुन राशि के लोगों का दिन काफी रचनात्मक है। आपको कोई क्रियेटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में दिन भर काफी बिजी रहना पड़ सकता है।

**कर्क** : कर्क राशि के लोगों के लिए दिन काफी सृजनात्मक है। आप जो भी काम मेहनत के साथ करेंगे उसका फल उसी समय मिल सकता है। आपके जरूरी अधूरे काम निपट जाएंगे।

**सिंह** : सिंह राशि के लोगों के लिए दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म आध्यात्म के मामले में पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल पाएंगे तो तरक्की के साथ लाभ भी प्राप्त होगा।

**कन्या** : कन्या राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपको कारोबार में मनचाही तरक्की हासिल होगी। आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें।

**तुला** : तुला राशि के लोगों के लिए दिन लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। आपको नए प्रॉजेक्ट से मनचाहा लाभ होगा। कुछ नया काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक** : वृश्चिक राशि के लोगों को आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, इसलिए कार्यशील रहें।

**धनु** : आज आपको शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपके को खुशी देंगे। किसी को कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलनी होगी।

**मकर** : आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। बिजनेस में आपके प्रतिद्वंद्वी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे।

**कुम्भ** : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। पारिवारिक मामलों में कुछ समस्या उत्पन्न हो सकती हैं। विद्यार्थियों का मन पठन-पाठन में खूब लगेगा।

**मीन** : आज का दिन आपके लिए अत्यधिक मेहनत भरा रहने वाला है। व्यापार में आपको अच्छी सफलता पाने के लिए अधिक मेहनत करनी होगी।

# धर्म बांटने की नहीं, जोड़ने की जीवन पद्धति है



ललित गर्ग

विश्व धर्म दिवस हर साल जनवरी के तीसरे रविवार यानी इस वर्ष 19 जनवरी को मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया के सभी धर्मों की विविधता और संस्कृति का जश्न मनाने का दिन है। इस दिन को मनाने का मकसद, धर्मों के बीच समझ, सौहार्द और शांति को बढ़ाना है क्योंकि धर्म दीप नहीं, चिराग नहीं, बिजली नहीं, बल्कि यह सूर्य है और उसी की भांति यह बिना किसी भेदभाव के सबको आलोक एवं मंगल बांटता है। धर्म जीवन का अभिन्न अंग है, तत्व है। इसके अस्तित्व को नकारने का अर्थ है स्वयं के अस्तित्व को नकारना। दुनिया में असंख्य लोग जिस सबसे गहरी श्रद्धा के साथ जिसे पूजते हैं, वह धर्म है। धर्म ही कामधेनु है, धर्म ही कल्पतरु है। जिसने धर्म को सही रूप में स्वीकार कर लिया, समझ लीजिये कि उसने जीवन की सर्वोच्च निधि को प्राप्त कर लिया। धर्म की इसी महत्ता के कारण विश्व धर्म दिवस की शुरुआत साल 1950 में संयुक्त राज्य अमेरिका के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा ने की थी। बहाई धर्म के अनुयायियों का मानना है कि सभी धर्मों में समान विशेषताएं हैं और उनका समान रूप से सम्मान किया जाना चाहिए। प्रारंभ में एक बहाई अनुष्ठान के रूप में विश्व धर्म दिवस धर्म की एकता और प्रगतिशील रहस्योद्घाटन के बहाई सिद्धांतों से प्रेरित था, जो धर्म को मानवता के इतिहास में निरंतर विकसित होने के रूप में वर्णित करता है। यह उन विचारों को उजागर करके इन सिद्धांतों को बढ़ावा देता है कि दुनिया के धर्मों में अंतर्निहित आध्यात्मिक सिद्धांत सामंजस्यपूर्ण हैं और धर्म मानवता को एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज इस दिवस की सर्वाधिक प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है।

आज की दुनिया में, जहाँ सांस्कृतिक और धार्मिक तनाव अक्सर सुर्खियों में छाए रहते हैं, विश्व धर्म दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि हमारे मतभेदों के बावजूद, हम एक समान मानवता, शांति और कल्याण की सार्वभौमिक इच्छा साझा करते हैं। अंतर-धार्मिक संवाद के माध्यम से, हम एक-दूसरे की मान्यताओं और परंपराओं के बारे में जान सकते हैं, गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं और आपसी समझ के पुल बना सकते हैं। इससे सहिष्णुता, सम्मान और सहयोग को बढ़ावा मिलता है, जो अंततः एक अधिक शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण दुनिया का मार्ग प्रशस्त करता है।

भारतीय संस्कृति की आत्मा धर्म है। यही कारण है कि यहां अनेक धर्म पल्लवित एवं पुष्पित हुए हैं। सबने अपने-अपने ढंग से धर्म की व्याख्या की है। सुप्रसिद्ध लेखक लार्ड मोर्ले ने लिखा है, "आज तक धर्म की लगभग दस हजार परिभाषाएं हो चुकी हैं, पर उनमें भी जैन, बौद्ध आदि कितने ही धर्म इन व्याख्याओं से बाहर रह जाते हैं।" लार्ड मोर्ले की इस बात से यह चिंतन उभर कर सामने आता है कि ये सब परिभाषाएं धर्म-सम्प्रदाय की हुई है, धर्म की नहीं। सम्प्रदाय अनेक हो सकते हैं, पर उनमें निहित धर्म का संदेश सबका एक है। पंथ, संप्रदाय या वर्ग तक ही धर्म को सीमित नहीं किया जा सकता। धर्म बहुत व्यापक है। धर्म न तो पंथ, मत, संप्रदाय मंदिर या मस्जिद में है और न धर्म के नाम पर पुकारी जाने वाली पुस्तकें ही धर्म है। धर्म तो सत्य, करूणा और अहिंसा है। आत्मशुद्धि का साधन है। जीवन परिवर्तन एवं उसे सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। जिन लोगों ने सामाजिक सहयोग को धर्म का ताना-बाना पहना दिया है, किसी को भोजन देना, वस्त्र की कमी में सहायता प्रदान करना, रोग आदि का उपचार करना अध्यात्म धर्म नहीं, किन्तु पारस्परिक सहयोग है, लौकिक धर्म है।

इनदिनों प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ, भारतीय धर्म और संस्कृति का प्रतीक है जो दुनिया को एकजुट करने का सशक्त माध्यम है। यह दुनिया भर में सनातन धर्म की महत्ता को दिखाता है। महाकुंभ में शामिल होने से आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं और पाप धुल जाते हैं। यह सनातन धर्म का सबसे अहम और पवित्र आयोजन है जिसमें शामिल होने से मोक्ष मिलता है, आत्मा की शुद्धि होती है। कुंभ हो या हज यात्रा या फिर क्रिश्चयन समुदाय का वेटिकन मास, धर्म की पुकार सदियों से इंसानों को एक स्थान पर खींचती आई है। हर सभ्यता में मनुष्य एक तय समय पर अपने ही जैसे विश्वास के लोगों से मिलता है और धार्मिक अनुष्ठान कर एक बेहतर दुनिया एवं जिंदगी की कामना करता है। धर्म और आस्था की डोरी सदियों से मानवों को अपनी ओर खींचती आई है। धर्म का भाव, मुक्ति की कामना लाखों लोगों को एक सूत्र में पिरोती है। इसलिए ऐसी गतिविधियों में मनुष्य बिना बुलाये ही भारी संख्या में जमा हो जाता है। दुनिया में हर स्थान पर धार्मिक क्रियाओं के लिए हर कोने में एक निश्चित जगह पर लाखों-करोड़ों लोग जमा होते हैं। सनातन, बहाई, इस्लाम, ईसाइयत हर धर्म के लोग अपनी परंपरा को मनाने के लिए एक निश्चित स्थान पर जमा होते हैं। मान्यता है कि सनातन में कुंभ की परंपरा लगभग 2500 साल से ज्यादा समय से चलती आ रही है, इस्लाम के मानने वाले लगभग 1400 सालों से हज पर जाते रहे हैं जबकि क्रिश्चयन समुदाय के लोग 1700 सालों से ईस्टर संडे मनाते आ रहे हैं। वेटिकन मास का आयोजन भी सालों से होता आ रहा है।

**विश्व धर्म दिवस- 17 जनवरी, 2025**

धर्म जीवन का रूपान्तरण करता है। पर जिनमें धर्म से परिवर्तन घटित नहीं होता उन धार्मिकों ने शायद धर्म के वास्तविक स्वरूप को आत्मसात नहीं किया है। उन धार्मिकों से हैरान हो जाना चाहिए जो वर्षों से धर्म करते आ रहे हैं, किंतु जीवन में परिवर्तन नहीं आ रहा है। धार्मिक की सबसे बड़ी पहचान है कि वह प्रेम और करुणा से भरा होता है। धार्मिक होकर भी व्यक्ति लड़ाई, झगड़े, दंगे-फसाद करे, यह देखकर आश्चर्य होता है। धार्मिक अधर्म से लड़े, असत्य से लड़े, बुराई से लड़े यह तो समझ में आता है, किन्तु एक धार्मिक दूसरे धार्मिक से लड़े, यह दुख का विषय है। धार्मिक होने की पहली प्राथमिकता है नैतिकता। धार्मिक होकर यदि व्यक्ति नैतिक नहीं है तो यह धर्म के क्षेत्र का सबसे बड़ा विरोधाभास है। आज देश की लगभग -एक अरब पचास करोड़ की आबादी में -सौ करोड़ जनता धार्मिक मिल सकती है पर जहां तक ईमानदारी एवं नैतिकता का प्रश्न है, - दो करोड़ भी संभव नहीं है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि बेईमान धार्मिकों की संख्या अधिक है। एक धार्मिक कहलाने वाला व्यक्ति चरित्रहीन हो, हिंसा पर उतारू हो, आक्रांता हो, धोखाधड़ी करनेवाला हो, छुआछूत में उलझा हुआ हो, भ्रष्टाचार करता हो, दहेज के नाम पर बालिकाओं का उत्पीड़न करता हो और भी अनेक अनैतिक आचरण करता हो, क्या वह धार्मिक कहलाने का अधिकारी है?

पुत्र, पत्नी, परिवार, पैसा, पद-प्रतिष्ठा इनके पीछे आम आदमी जहां पागल बना दौड़ रहा है, वहां इस सचाई को भी नकारा नहीं जा सकता कि इन सबसे ऊपर की चीज सुख-शांति का रास्ता अजाना-अचीन्हा मार्ग धर्म है। धर्म शून्य व्यक्ति बाहर से सब कुछ पाकर भी अंतस् में रिक्तता का अनुभव करता है। धार्मिक व्यक्ति वस्तु जगत की न्यूनता को भी आंतरिक संपदा के कारण पूर्णता में बदल देता है। क्योंकि वह जानता है पदार्थ सापेक्ष सुख अस्थायी है। धार्मिक आस्था और सम्यक् आचरण से होने वाली सुखानुभूति स्थायी होती है। भारतीय मनीषा में धर्म केवल ईश्वरीय आस्था ही नहीं है, वह वैश्विक व्यवस्था है। सृष्टि का सार्वभौम, सर्वकालिक नियम है। जीवन पद्धति है। धर्म मजहबी विश्वास या बंधन नहीं है। वह आंतरिक प्रकाश है, ज्ञान और आनंदमयी चेतना का स्पंदन है। धर्म वह आचार-संहिता है, जिसमें सर्वोदय-सबका अभ्युदय, सबका विकास निहित है। इसलिये विश्व धर्म दिवस मनाते हुए हमें धर्म के वास्तविक स्वरूप को अंगीकार करना चाहिए।

धर्म मनुष्यता का मंत्र है, उन्नति का तंत्र है। पशुता को मनुजता में रूपांतरित करने का यंत्र है। धर्म एक मर्यादा है, वह जीवन को मर्यादित करता है। व्यक्ति और समाज की उच्छृंखल वृत्तियों-प्रवृत्तियों का नियमन करता है। धर्म सम्मत जीवन वह है, जहां मनुष्य किसी भी प्राणी को हानि पहुंचाएं बिना नैतिक समाज में अपनी मिसाल खड़ी कर सके। बिना किसी को कष्ट दिए, स्वयं सत्कर्म में लगा रहे। क्योंकि धर्म उत्कृष्ट मंगल है- समस्त विघ्न, बाधाओं, कष्टों का निवारक, सिद्धिदायक, यह विश्वशांति का अमोघ साधन है। -लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# जारवा आदिवासियों को मिले मताधिकार के मायने



प्रमोद भार्गव

आदिम जन-जाति जारवा अंडमान- द्वीप समूह की एक प्रमुख जनजाति है। ये आज भी अर्ध-खानाबदोश आदिम जीवन-शैली जी रहे हैं। प्राकृतिक रूप में उपलब्ध वन-संसाधन ही इनके आजीविका के प्रमुख साधन हैं। स्थानीय प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े रहकर ये अपनी जीवन-शैली में मस्त हैं। जारवा लोग बाहरी संपर्क से अलग-थलग हैं। इसी कारण उनकी अनूठी सांस्कृतिक परंपरा और भाशा-बोली संरक्षित हैं। वे दक्षिणी और मध्य अंडमान द्वीप समूह के पष्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। स्थानीय प्रषासन के तमाम प्रयासों के बाद अब इस जनजाति समूह को संवैधानिक लोकतांत्रिक धारा से जोड़े जाने की ऐतिहासिक पहल हुई है। इस समुदाय के 19 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करके, उन्हें मतदाता पहचान-पत्र दिए गए हैं। अंडमान द्वीप समूह के मुख्य सचिव चंद्रभूशण कुमार ने दक्षिण अंडमान जिले के जिरकाटांग स्थित बस्ती में पहुंचकर पहली बार मतदाता बने लोगों को पहचान-पत्र सौंपे। जारवा समुदाय की इन पहचान-पत्रों से भारतीय होने की नागरिकता सुनिष्चित हुई है। साथ ही यह उनकी निजता की रक्षा के लिए एक व्यापक उपाय भी है। इस कार्यवाही से उम्मीद जगी है कि भविष्य में इस द्वीप समूह के सभी लोग भारतीय नागरिक के रूप में मतदाता बना दिए जाएंगे। वरना एक समय इस द्वीप समूह में प्रवेश पाना मौत को आमंत्रण देना था।

जिला निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा का कहना है कि 'यह भारत के लोकतांत्रिक विकास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। जो सभी नागरिकों के लिए समावेशिता और समानता सुनिश्चित करने की दृष्टि से देष की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इनके सांस्कृतिक संरक्षण के बीव सावधानी पूर्वक संतुलन में हमने सुनिश्चित किया कि प्रक्रिया का कोई भी पहलू जारवा लोगों की गरिमा से समझौता नहीं करेगा।' इस कार्यवाही को पूरी करने में अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसने सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और सम्मानजनक तरीके से उनकी भाषा में चुनावी प्रक्रिया के बारे में जारवा समुदाय से संवाद करके उनके बीच जागरूकता पैदा करके इस प्रक्रिया को सुगम बनाया। जारवा समुदाय अंडमान द्वीप समूह के दक्षिण और मध्य तथा पष्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। यह पूरा क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है। इसे ही इस समुदाय ने अपने पारंपरिक जीवन-शैली के अनुरूप ढाल लिया है। जारवा समुदाय के साथ पहला उल्लेखनीय दोस्ताना संबंध अप्रैल 1996 में हुआ था, जो बाहरी दुनिया के साथ उनके संपर्क में एक अहम् मोड़ साबित हुआ। इस संबंध के लिए षायद प्रकृति ने ही घटनाक्रम रचा था। दरअसल जारवा जनजाति के 21 वर्षीय एनमेई को अपने बाएं टखने में गहरी चोट आई थी। प्रशासन ने करुणा का परिचय देते हुए एनमेई का उदारतापूर्वक उपचार कराया और ठीक होने के बाद उन्हें सुरक्षित बस्ती में वापिस भेज दिया। यहां से प्रशासन और समुदाय के बीच विश्वास का जो संवाद बना, उसने आज इस समुदाय के लोगों के भारतीय नागरिक होने के पहचान के रूप में मतदाता पहचान-पत्र सौंपने का मार्ग प्रशस्त किया। अन्यथा जारवा समूह से जो भी कोई संपर्क करने की सोचता था, उसे हिंसक टकराव का सामना करना पड़ता रहा है।

दरअसल जो लोग स्वयं को सभ्य और आधुनिक समाज का हिस्सा मानते रहे हैं, वही लोग प्राकृतिक अवस्था में रह इन लोगों को इंसान मानने की बजाय लगभग जंगली जानवर ही मानते रहे हैं। आधुनिक कहे जाने वाले समाज की यह एक ऐसी विडंबना है, जो सभ्यता के दायरे में कतई नहीं आती। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में रह रहे लुप्तप्राय जारवा प्रजाति की महिलाओं को स्वादिष्ट भोजन का लालच देकर सैलानियों के सामने नचाने के कुछ साल पहले वीडियो-दृश्य ब्रिटिश अखबारों में सिलसिलेवार छपे थे। इन्हें शासन-प्रशासन के स्तर पर झुठलाने कवायद की गई थी। परंतु यह ठोस हकीकत थी। अभयारण्य में दुर्लभ वन्य जीवों को देखने की मंशा की तरह, दुर्लभ मानव प्रजातियों को भी देखने की इच्छा नव-धनाढ्यों और रसूखदारों में पनप रही है, और जिस सरकारी तंत्र को आदिवासियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था, वही इन्हें लालच देकर नचवाने का काम कर रहा था। इसी कुत्सित मानसिकता के चलते कुछ लोग जारवाओं को इंसानों की बजाए, मनोरंजक खिलौने भी मानते रहे हैं।लंदन के अखबार ऑब्जर्वर ने जारवा जनजाति के मोबाइल फोन से फिल्ममाई गईं दो फिल्में जारी की थीं। इनका फिल्मांकन गोपनीय ढंग से इसी अखबार के पत्रकार ने किया था।

**संदर्भः- अंडमान-निकोबार की जनजाति जारवा के 19 लोगों को मिला मताधिकार**

आधुनिक विकास और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए वन कानूनों में लगातार हो रहे बदलावों के चलते अंडमान में ही नहीं देश भर की जनजातियों की संख्या लगातार घट रही हैं। आहार और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों की कमी होती जा रही है। इन्हीं वजहों के चलते अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग दुर्गम टापुओं पर जंगलों में समूह बनाकर रहने वाली जनजातियों का अन्य समुदायों और प्रशासन से बहुत सीमित संपर्क है। यही वजह है कि इनकी संख्या घटकर महज 381 रह गई है। एक अन्य टापू पर रहने वाले ग्रेट अंडमानी जनजाति के लोगों की आबादी केवल 97 के करीब है। इन लोगों में प्रतिरोधात्मक क्षमता इतनी कम होती है कि ये एक बार बीमार हुए तो इनका बचना नामुमकिन हो जाता है। एक तय परिवेश में रहने के कारण इन आदिवासियों की त्वचा बेहद संवेदनशील हो गई है। लिहाजा यदि ये बाहरी लोगों के संपर्क में लंबे समय तक रहते हैं तो ये रोगी हो जाते हैं और उपचार के अभाव में दम तोड़ देते हैं। हालांकि अब इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए टीकाकरण करने और पौष्टिक खुराक देने के उपाय निरंतर किए जा रहे हैं। मतदान का अधिकार मिल जाने से तय है, यहां लोकतांत्रिक गतिविधियां भी कालांतर में बढ़ेंगी।

करीब दो दशक पहले तक ये लोग पूरी तरह निर्वस्त्र रहते थे, लेकिन सरकारी कोशिशों और इनकी बोली के जानकार दुभाषियों के माध्यम से समझाइश देने पर इन्होंने थोड़े-बहुत कपडे पहनने अथवा पत्ते लपेटने शुरू कर दिए हैं। भारत की सांस्कृतिक विविधता एक अनूठी खूबसूरती है। यहां विभिन्न आदिवासी समुदायों को अपने पुरातन व सनातन परिवेश में रहने की स्वतंत्रता हासिल है। हमारे देश के सांस्कृतिक परिवेश में नग्नता कभी फूहड़ अश्लीलता का पर्याय नहीं रही। पाश्चात्य मूल्यों और भौतिकवादी आधुनिकता ने ही प्राकृतिक व स्वाभाविक नग्नता को दमित काम-वासना की पृष्ठभूमि में रेखांकित किया है। वरना हमारे यहां तो खजुराहों, कोणार्क और कामसूत्र जैसे नितांत व मौलिक रचनाधर्मिता से स्पष्ट होता है कि एक राष्ट्र के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य में हम कितनी व्यापक मानसिक दृष्टि से परिपक्व लोग थे। अब लोगों को जो मत का अधिकार मिला है, उसके तहत ये अन्य समुदायों में विलय होंगे और इनका आवागमन भी बढ़ेगा। संपर्क की इस निरंतरता से न केवल इनकी भाशा और बोली में बदलाव आएगा, बल्कि इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता भी बढ़ेगी। ये अस्पतालों में बीमार होने पर अपना उपचार भी षुरू कर देंगे। इससे भविश्य में इनकी संख्या जो स्थिर बनी हुई है या घट रही है, उसके बढ़ने की भी उम्मीद की जा सकती है?

## विदेश की खबरें

### इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने गाजा में युद्ध विराम समझौते पर मुहर लगाने की सिफारिश की

**यरूशलम** : इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को युद्ध विराम समझौते पर मुहर लगाने की सिफारिश की और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुष्टि की कि एक समझौता हो गया है। इससे गाजा में हमास के साथ 15 महीने से जारी युद्ध थम जायेगा और चरमपंथियों द्वारा बंधक बनाए गए कई लोगों को रिहा कर दिया जाएगा। मध्यस्थ कतर और अमेरिका ने बुधवार को युद्ध विराम की घोषणा की थी, लेकिन यह समझौता एक दिन से अधिक समय तक अधर में लटका रहा, क्योंकि नेतन्याहू ने कहा था कि अंतिम समय में कुछ अड़चनें आईं, जिसके लिए उन्होंने हमास को जिम्मेदार ठहराया था। विद्रोहियों ने कहा कि वे इस समझौते को लेकर 'प्रतिबद्ध' हैं जबकि गाजा के निवासी और बंधकों के परिवार उत्सुकता से इस बात का इंतजार कर रहे थे कि यह समझौता साकार होगा या नहीं। अब यह समझौता पूर्ण कैबिनेट की मुहर के लिए उसके पास जाएगा। उम्मीद है कि वह युद्ध विराम समझौते को मंजूरी दे देंगे, जो रविवार से लागू हो सकता है। हालांकि नेतन्याहू के दक्षिणपंथी गठबंधन सहयोगियों की ओर से इसका कड़ा विरोध हो रहा है।

### भीषण सर्दी के कारण अब कैपिटल रोटुंडा में बंद जगह पर होगा ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह

**वाशिंगटन** : अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भीषण ठंड पड़ने के पूर्वानुमान के कारण सोमवार को कैपिटल रोटुंडा में बंद जगह पर पद की शपथ लेंगे। मामले से अवगत एक व्यक्ति ने यह जानकारी दी। व्यक्ति ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि आयोजक प्रतिकूल मौसम और बर्फीली हवाएं चलने की वजह से बंद जगह पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर बार शपथ ग्रहण समारोह के समय प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थिति में एक विकल्प के तौर पर रोटुंडा को तैयार रखा जाता है। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के लिए संसद की संयुक्त समिति ट्रंप से चर्चा करने के बाद अंतिम फैसला लेगी।

## वर्ग पहेली नं. 2979

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | ■ | |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | 18 | | | 19 | ■ | 20 | | 21 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | 25 |
| 26 | | 27 | 28 | | | ■ | 29 | | |
| | ■ | 30 | | ■ | 31 | | | ■ | |

**बायें से दायें:-** 1) पगड़ी, 3) अँगूठे से दूसरी उँगली, 6) छूट; नियमबाह्यता, 8) कोमल, 9) जन्मदिवस; *ऐनिवर्सरी*, 10) भारत का एक घटक राज्य: *xxx और नगर हवेली*, 12) तपस्या, 14) गवैया, 16) पुरज़ा; पिछला दिन, 18) चमकदार; चिकना, 20) परिणाम, 22) ज्वाला; लपट, 24) होंठ, 26) स्वाद का तीखापन, 29) ढेर, 30) मुकुट, 31) महाराष्ट्र के xxx शहर में कुंभमेला आयोजित किया जाता है.

**ऊपर से नीचे:-** 1) सर्वज्ञात; सामूहिक, 2) जो रुक गया हो, 3) सहायक, 4) कारणतः, 5) निकट, 6) भूतकालीन, 7) इकरार; वचन, 11) सुझाव, 13) मनचाहा, 15) हृदय; जिगर, 17) चुनौती, 19) झगड़ा, 20) संस्करण *(किसी अखबार का)*, 21) खँडहर टीला, 23) मुकरना, 25) फुहार; बारिश, 26) वार्तालाप; उल्लेख, 27) मुकामस्थान, 28) शासन अधिकार, 29) आँकड़ा; संख्या, *(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ | ट | क | ना | ■ | आ | ना | का | नी | ■ |
| र | ■ | ■ | ल | ट | क | ता | ■ | ति | ल |
| मा | यू | स | ■ | ■ | थू | ■ | मौ | ■ | बा |
| इ | ■ | र | ह | म | ■ | शा | न | दा | र |
| श | त | क | ■ | स | त | र्क | ■ | ना | ■ |
| ■ | क | ना | त | ■ | ल्ली | ■ | जा | पा | न |
| न | दी | ■ | क | मी | न | गी | ■ | नी | म |
| कु | र | ता | ■ | च | ■ | ला | ल | ■ | स्का |
| ल | ■ | ब | द | ना | मी | ■ | गा | ग | र |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2939

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 5 | 1 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 7 | | |
| 3 | | | | | | 4 | | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 4 | | | | 2 | 3 |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| | 1 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2938 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 4 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 |
| 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 | 3 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 1 |

## आज दक्षिण कोलकाता में 21 घंटे तक नहीं मिलेगा नल से जल



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के बड़े हिस्से में आज यानी शनिवार की सुबह 9 बजे से रविवार की सुबह 6 बजे तक, कुल 21 घंटे तक, पीने के पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान, पाइपलाइन की मरम्मत और वाल्व की मरम्मत का काम किया जाएगा। कोलकाता नगर निगम की अधिसूचना के अनुसार, कालीघाट, रानीकुठी, गरफा, चेतला, गोल्फग्रीन, बेहाला, बांसद्रोणी जैसे इलाकों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी। साथ ही, गार्डेनरीच, जादवपुर, टालीगंज, जोका, कसबा, महेशतला और बजबज के निवासियों को भी पानी की आपूर्ति नहीं मिलेगी। नगर निगम के अनुसार, 8, 9, 10, 11, 13, 14, 15 और 16 नंबर वार्ड में पूरी तरह से तथा 12 नंबर वार्ड में आंशिक रूप से पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि पाइपलाइन और वाल्व में मरम्मत का काम किया जाना जरूरी है। इसके लिए अस्थायी रूप से पानी की आपूर्ति रोकी जा रही है। नगर निगम ने निवासियों से अपील की है कि वे इस अवधि के लिए आवश्यक पानी का भंडारण पहले से कर लें और असुविधा से बचने के लिए सहयोग करें।

# 'अब भी कई दोषी खुलेआम घूम रहे हैं', फैसले से पहले बोले आरजीकर पीड़िता के माता-पिता

## कहा... 'न्याय पाने के लिए भीख नहीं मांगेंगे, जरूरत पड़ी तो छीनकर लेंगे'

**✒ मृत चिकित्सक के माता-पिता ने जांच को बताया 'आधा-अधूरा'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** दरिंदगी की शिकार आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के माता-पिता ने इस मामले में अदालत का फैसला आने से एक दिन पूर्व शुक्रवार को आरोप लगाया कि जांच आधी-अधूरी है क्योंकि इस अपराध में शामिल अन्य लोग खुलेआम घूम रहे हैं। मृत चिकित्सक के माता-पिता ने कहा कि जब तक उनकी बेटी के लिए इंसाफ नहीं मिल जाता, तब तक वे लड़ाई जारी रखेंगे। मृत चिकित्सक की मां ने कहा कि संजय राय दोषी है और आज का फैसला उसके खिलाफ होगा। लेकिन, बाकी अपराधियों का क्या जो अभी तक पकड़े नहीं गए हैं? मैंने उन्हें अस्पताल में घूमते हुए देखा है। तो, जांच आधी-अधूरी ही हुई है।

उन्होंने यह भी कहा कि जैविक साक्ष्यों से राय दोषी साबित हुआ है, लेकिन उनका मानना है कि प्रशासन अपराध में शामिल कई अन्य लोगों को बचा रहा है। उन्होंने कहा कि सारे सबूत या तो खो गए या मिटा दिए गए। जब तत्कालीन पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने घटनास्थल का दौरा किया था तो वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। यह मछली बाजार जैसा लग रहा था। घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों को सजा मिलनी चाहिए। मृत चिकित्सक की मां ने कहा कि मुझे अभी तक नहीं पता चला कि मेरी बेटी को इस तरह क्यों मारा गया। उसे ऐसा क्या पता चल गया था कि उसे जीने नहीं दिया गया?

**'न्यायपालिका पर भरोसा है'**

मृत चिकित्सक के माता-पिता ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है और शनिवार को वे अदालत में रहेंगे, जब फैसला सुनाया जाएगा। चिकित्सक की मां ने कहा कि मैं दोषियों के लिए सजा चाहती हूं। न्यायपालिका सजा पर फैसला करेगी। वे न्याय पाने के लिए पांच साल तक इंतजार करने को तैयार हैं। वे भीख नहीं मांगेंगे, बल्कि लड़ेंगे और जरूरत पड़ी तो न्याय छीनकर लेंगे।

**Name Change**

I, Nasim Mansuri, son of Alirul Mansuri, resident of Ward No.14, Near Masjid, Bahlopur, Dhaka, East Champaran, Bihar-845418, do hereby solemnly affirm and declare that Nasim Mansuri and Md Nasim Masuri myself and Md. Amir, Arirul Mansuri and Alirul Mansuri father's name denotes to the same and one identical person via affidavit before the Notary Public at Howrah 13th January 2025.

## मुख्यमंत्री ममता सोमवार को मुर्शिदाबाद का करेंगी दौरा

### नई योजनाओं की हो सकती हैं घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार सोमवार को 'नवाबी शहर' मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, उनकी सभा के लिए लालबाग स्थित नवाब बहादुर इंस्टीट्यूशन के मैदान को चुना गया है। मुख्यमंत्री सोमवार को हेलीकॉप्टर से मुर्शिदाबाद पहुंचेंगी और उसी दिन सभा के बाद मालदह के लिए रवाना हो जाएंगी। इस प्रशासनिक सभा में ममता बनर्जी विभिन्न सरकारी सेवाओं का वितरण करेंगी और जिले के लिए कई नई योजनाओं की घोषणा कर सकती हैं। गुरुवार को जैसे ही सभा की तारीख तय हुई, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लेना शुरू कर दिया। मुर्शिदाबाद के जिलाधिकारी राजर्षि मित्रा, पुलिस अधीक्षक सूर्यप्रताप यादव और तृणमूल के जिलाध्यक्ष अपूर्व सरकार ने सभास्थल का निरीक्षण किया। सभास्थल के पास एक अस्थायी हेलिपैड का निर्माण भी किया जा रहा है। सभास्थल को सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरी तरह कवर कर दिया गया है। सभा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और महत्वपूर्ण स्थानों जैसे जंगीपुर, जियागंज, रघुनाथगंज, बहरमपुर और लालबाग में पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है। इसके अलावा, जिले की सीमाओं पर नाका चेकिंग भी शुरू कर दी गई है।

## खुले बाजार में चिकन की बिक्री पर लगेगा प्रतिबंध

### कोलकाता नगर निगम जारी करेगा निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** खुले बाजार में मुर्गे के मांस की बिक्री को लेकर कई समस्याएं सामने आ रही हैं। इस मुद्दे पर कोलकाता नगर निगम में चर्चा हुई, जिसमें इसे नियंत्रित करने के लिए जल्द ही निर्देश जारी करने की बात कही गई। सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में खुले बाजार में मुर्गे का मांस बेचना प्रतिबंधित किया जाएगा। कोलकाता नगर निगम इस संबंध में जल्द ही निर्देश जारी करने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम की बैठक में बीजेपी पार्षद मीना देवी पुरोहित ने इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि खुले में मांस बेचने से बदबू फैल रही है और मच्छरों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए तुरंत कदम उठाने की मांग की। इस पर नगर निगम के डिप्टी मेयर अतिन घोष ने कहा कि मुर्गे का मांस बेचने के लिए कई लोग सड़क पर बैठ जाते हैं, जिससे इसे नियंत्रित करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि बकरा मांस की दुकानों की तुलना में चिकन की दुकानों को संरक्षित करना कठिन है, क्योंकि बकरा मांस की दुकानें अक्सर शीशे से ढकी होती हैं। डिप्टी मेयर ने यह भी घोषणा की कि खुले बाजार में मुर्गे के मांस की बिक्री को नियंत्रित करने के लिए जल्द ही कई निर्देश जारी किए जाएंगे। इसके अलावा, मीना देवी के वार्ड में एक सप्ताह के अंदर इस समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया गया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. एसईआर/केजीपीडब्ल्यू/डीपीओएच/एचके-01।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप सीएमई (डीजल), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए 05/02/2025 को 16.00 बजे से पहले ई-निविदा आमंत्रित करता है और 05/02/2025 को 16.30 बजे के बाद खोला जाएगा। **कार्य का नाम:** 24 महीने की अवधि के लिए बाहरी एजेंसी द्वारा टीआरएस पीओएच शॉप की हाउसकीपिंग गतिविधियाँ; **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 76,65,611.00; **बयाना राशि:** ₹ 1,53,300.00; **ई-निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 05-02-2025 को 16.00 बजे; **निविदा का प्रकार:** खुली निविदा (दो पैकेट); **बोली संख्या:** जीईएम/2025/बी/5776825, दिनांक 15.01.2025। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं की पूर्ण जानकारी/विवरण/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.gem.gov.in पर जा सकते हैं और अपनी बोलियाँ ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन कार्यों के लिए मैन्युअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी। (PR-1026)

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एमडी761एलपीएचक्यू004, दिनांक: 17.01.2025,** प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, पूर्व रेलवे, 14 स्ट्रैंड रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. एमडी761एलपीएचक्यू004 के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा का शीर्षक:** पीसीएमडी/पूर्व रेलवे के कार्यालय द्वारा ब्रांडेड दवाओं की खरीद के लिए रेट कॉन्ट्रैक्ट हेतु एमआरपी पर छूट का प्रतिशत। **बोली का प्रकार:** सामान्य निविदा। **निविदा का प्रकार:** खुली-देशी। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **अनुबंध का प्रकार:** मिक्स्ड (गुड्स/सर्विस/एएमसी)। **जाँच एजेंसी:** कन्साइनी। **बोली जिस पर की जाएगी:** आईआरईपीएस-www.ireps.gov.in, **अंतिम तिथि और समय:** 06.02.2025, 13.30 बजे। **प्रस्ताव की वैधता :** 730 दिन। **निविदा कागजात का मूल्य (आईएनआर):** रु.0.00, **बयाना राशि (आईएनआर):** रु. 48,000/-, **बोलियों के लिए रैंकिंग क्रम :** न्यूनतम से उच्चतम। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। MED-14/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Notice Inviting Re-Tender (2nd Call)**

**Ref E-NIT NO.- 2024_ZPHD_82953_1.**

A re e-Tender **(Notice: 140, Date: 17.01.2025)** containing one number schemes for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhman has been floated ammounting to **Rs. 20.55175 lakhs, fund RIDF-XXX.**

**Bid Submission end on :- 07/02/2025 at 05.00 PM.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman

**Notice Inviting e-Tender**

**Ref E-NIT NO.- 2025_ZPHD_802921_1.**

An e-Tender **(Notice: 139, Date: 17.01.2025)** containing one number schemes for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhman has been floated ammounting to **Rs. 4.74788 lakhs.**

**Bid Submission end on :- 28/01/2025 at 05.00 PM.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा 03 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन हेतु अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। और अधिक विवरण एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया **ई-नीलामी लीजिंग** मॉड्यूल के जरिये वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** देखें। **कैटेलॉग संख्या: पार्क-एचडब्ल्यूएच-जेएएन-3आर। नीलामी शुरू होने की तारीख/समय:** 29.01.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **क्रम संख्या; लॉट संख्या** और **स्टेशन का नाम** निम्नानुसार है: **1; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एनडीईई-टीडब्ल्यू-272-24-1** (पार्किंग- टू व्हीलर) और नबद्वीप धाम। **2; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-टीवाईई-टीडब्ल्यू-105-24-1** (पार्किंग- टू व्हीलर) और टेंया। **3; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीसीजीएम-आरडब्ल्यू-269-24-1** (पार्किंग- थ्री व्हीलर) और बैंचीग्राम। (HWH-548/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न शाखाओं में ट्रैक और एस एंड टी रखरखाव कार्य के लिए, दिनांक **19.01.2025 (रविवार)** को ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है: • **रद्द [दिनांक 19.01.2025 (रविवार)]: तारकेश्वर से:** 37334, **हावड़ा से:** 37323 • **पुनर्निर्धारण [दिनांक 19.01.2025 (रविवार)]: (i) 37749 बैण्डेल-कटवा लोकल** बैण्डेल से 12.15 बजे के बदले 12.45 बजे पुनर्निर्धारित होगी। **(ii) 37374 गोघाट-हावड़ा लोकल** गोघाट से 13.10 बजे के बदले 13.20 बजे पुनर्निर्धारित होगी। **विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को सुविधानुसार मार्ग में नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गुड़ाप मामले का हश्र भी कामदुनी की तरह ही हो सकता है : शुभेंदु अधिकारी

**✒ बच्ची से दुष्कर्म व हत्या मामले में फांसी की सजा सुनाए जाने के फैसले का नेता ने किया स्वागत**



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने हुगली जिले के गुड़ाप में पांच साल की एक बच्ची से दुष्कर्म व हत्या मामले के दोषी को निचली अदालत द्वारा शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाने के फैसले का स्वागत किया। हालांकि, उन्होंने इशारों में ममता सरकार पर निशाना साधते हुए उम्मीद जताई कि अदालत का यह निर्णय समय की कसौटी पर खरा उतरेगा और उच्च न्यायालयों में भी यह फैसला बरकरार रहेगा, क्योंकि राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ जघन्य अपराधों से जुड़े अन्य मामलों में दोषियों की किस्मत सरकारी अभियोजकों और पुलिस की उदासीनता के कारण बदल गई है। उन्होंने संदेह जताया कि गुराप मामला भी कामदुनी की तरह ही हो सकता है। दोषी को कामदुनी मामले की तरह बरी किया जा सकता है। शुभेंदु ने एक्स पर लिखा कि मैं गुड़ाप में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म और हत्या मामले में विद्वान न्यायाधीश द्वारा की गई त्वरित सुनवाई और सुनाई गई मौत की सजा का स्वागत करता हूं। शुभेंदु ने आगे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को संबोधित करते हुए लिखा कि मैडम सीएम, आप इतनी जल्दी मौत की सजा को बढ़ावा देने के लिए इतनी उत्सुक क्यों हैं। आइए, कम से कम 10 साल तक प्रतीक्षा करें कि क्या दोषी को वास्तव में फांसी दी जाती है या कामदुनी मामले के दोषियों की तरह बरी किया जाता है। शुभेंदु ने उल्लेख किया कि कामदुनी में एक कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म और हत्या मामले में निचली अदालत ने छह लोगों को दोषी ठहराया था। इनमें सैफुल अली, अमीन अली और अंसार अली को मौत की सजा सुनाई थी और शेख इमामुल इस्लाम, अमीनुर इस्लाम उर्फ भुट्टो और भोला नस्कर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

शुभेंदु ने आरोप लगाया कि कामदुनी मामले में अदालत के आदेश के बाद बंगाल सरकार ने राजनीतिक उद्देश्यों तहत अपने कदम पीछे खींचने शुरू कर दिए और उच्च न्यायालय में मामले की प्रगति में बाधा डालने के लिए अनावश्यक देरी की। उच्च न्यायालय में निचली अदालत के फैसले का बचाव करने वाले 14 राज्य पैनल अधिवक्ताओं ने या तो प्रतिनिधित्व करने से इन्कार कर दिया या उन्हें बदल दिया गया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने पाया कि राज्य अपराध से पहले उचित संदेह से परे साजिश को साबित करने में विफल रहा है, और यह भी बताया कि राज्य ने सुधार और पुनर्वास की संभावना को खारिज करने के लिए सबूत पेश नहीं किए हैं। अंतत:, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कामदुनी मामले में दो मृत्युदंड प्राप्त दोषियों की सजा कम कर दी और एक को बरी कर दिया। उसी फैसले में, तीन अन्य को दुष्कर्म के आरोप से बरी कर दिया गया, लेकिन केवल सबूत छिपाने के लिए दोषी ठहराया गया। शुभेंदु ने कहा कि ये लोग जेल से बाहर हैं और तृणमूल पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में अपनी साख स्थापित कर चुके हैं और पुलिस उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने संदेह जताया कि गुड़ाप मामला भी कामदुनी की तरह ही हो सकता है। इसलिए, ममता गुड़ाप मामले में समय से पहले श्रेय लेने से पहले प्रतीक्षा करें।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एमसी_डब्ल्यूसी_एफडीएसएस_2025आर, दिनांक: 14.01.2025।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, रूम संख्या 42, पहली मंज़िल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में 'एकल लिफाफा प्रणाली' में मुहरबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/विवरण:** एस्पिरेटर टाइप स्मोक डिटेक्टर एंड अलार्मिंग सिस्टम के कलपुर्जों की आपूर्ति एवं फिटमेंट। **निविदा मूल्य:** ₹ 18,83,162। **बयाना राशि:** ₹ 37,700। **अनुबंध की अवधि:** 06 महीना। **बोली शुरू होने की तारीख:** 23.01.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 06.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 06.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य हेतु पात्रता की शर्तों सहित निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) पर देखा एवं से डाउनलोड किया जा सकता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (SDAH-326/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/635, दिनांक: 17.01.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं. ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3381, कार्य का नाम :** (1) चतरा के लिए विद्युत सामान्य कार्य-वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत चतरा गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। (2) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत राजग्राम पब्लिक साइडिंग गुड्स शेड के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। (3) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत सांइथिया गुड्स शेड के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। (4) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत कालूपहाड़ी (तिलभीटा) गुड्श शेड के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। (5) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत पाकुड़ के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 3,66,87,969/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 3,33,400/-, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.02.2025 को 15.00 बजे। **क्रम सं. 2, निविदा सं. ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3341-एस4, कार्य का नाम :** गीतांजलि म्यूजियम, बोलपुर में 36 माह के लिए एक पैसेंजर लिफ्ट (प्रस्तुतकारक-थाइस्सेनक्रप एलिवेटर (इंडिया) प्रा. लि.) का वार्षिक रखरखाव ठेका। **निविदा मूल्य :** रु. 3,74,787/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 7,500/-, **समापन अवधि:** 36 माह। **क्रम सं. 3, निविदा सं. ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3346-एस4, कार्य का नाम :** मुख्यालय, फेयरली प्लेस, कोलकाता में 60 माह के लिए जीएम ब्लॉक में स्थित जीएम पैसेंजर लिफ्ट (प्रस्तुतकारक-थाइस्सेनक्रप) का व्यापक रखरखाव ठेका। **निविदा मूल्य :** रु. 7,77,172/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 15,600/-, **समापन अवधि:** 60 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 10.02.2025 को 15.00 बजे क्रम सं. 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। HWH-551/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## जाली डिग्री से निजी प्रैक्टिस का आरोप, जूनियर डॉक्टर असफाकुल्ला को पुलिस का समन



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर और आंदोलनकारी असफाकुल्ला निया पर जाली डिग्री के आधार पर निजी प्रैक्टिस करने का आरोप लगने के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस मामले में उन्हें सोमवार को विधाननगर पुलिस कमिश्नरेट में उपस्थित होने के लिए समन भेजा गया है। गुरुवार को काकद्वीप स्थित उनके घर पर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने इस दौरान कुछ दस्तावेज जब्त किए। बताया जा रहा है कि एक विज्ञापन में असफाकुल्ला ने अपने नाम के साथ एम.एस (ईएनटी) डिग्री का उल्लेख किया था, जिसे लेकर विवाद खड़ा हुआ है। आरोप है कि वह इस डिग्री के दम पर निजी प्रैक्टिस कर रहे थे, जो कि नियमों का उल्लंघन है। इस मामले में साल्टलेक के इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाने में शिकायत दर्ज की गई थी। कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को पुलिस उनके घर पहुंची और जांच की। इस घटना के विरोध में अन्य जूनियर डॉक्टर, जैसे अनिकेत महतो, देवाशीष हलदार और किंजल नंद, सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### असफाकुल्ला के बाद एक और डॉक्टर को राज्य मेडिकल काउंसिल का शो-कॉज नोटिस

असफाकुल्ला निया के बाद अब एक और डॉक्टर को राज्य मेडिकल काउंसिल ने शो-कॉज नोटिस जारी किया है। डॉक्टर को सात दिनों के अंदर इस नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज के आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले असफाकुल्ला पर पीजीटी होते हुए भी ईएनटी सर्जन के तौर पर चेंबर चलाने का आरोप था। अब इसी तरह के आरोप डॉक्टर तापस फ्रांसिस पर भी लगे हैं। उन पर डिग्री की आड़ में गलत पहचान बताकर प्रैक्टिस करने का आरोप है। राज्य मेडिकल काउंसिल ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की है और डॉक्टरों से स्पष्टिकरण मांगा है।

## मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज के जूनियर चिकित्सकों ने 'काम रोको' प्रदर्शन लिया वापस

**पश्चिम मेदिनीपुर :** मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) के जूनियर चिकित्सकों ने अपना 'काम रोको' विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया है जिससे शुक्रवार की शाम को अस्पताल में सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो गईं। बता दें कि यह विरोध प्रदर्शन शुरू में प्रसव के बाद एक महिला की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश सरकार द्वारा छह कनिष्ठ चिकित्सकों सहित 12 चिकित्सकों को निलंबित किये जाने के विरोध में शुरू किया गया था। जूनियर चिकित्सकों ने गत गुरुवार की रात को अनिश्चितकालीन 'काम रोको' प्रदर्शन शुरू किया था। जूनियर चिकित्सकों ने घोषणा की कि आपातकालीन, आईसीयू, प्रसूति और बाल रोग सहित कई विभागों में सामान्य कामकाज शुरू हो गया है। एमएमसीएच के 'जूनियर डॉक्टर फोरम' के एक प्रतिनिधि ने शुक्रवार की शाम को कहा कि प्रसूति एवं एनेस्थीसिया विभाग से छह सहकर्मियों के निलंबन के बाद हमने यह विरोध प्रदर्शन शुरू करने का निर्णय लिया। हालांकि, अब हम काम पर लौट रहे हैं, क्योंकि विभिन्न विभागों में सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं।

**Office of the Municipal Councillors**
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

e-tender of the following works are invited by Chairman, Serampore Municipality from experienced and resourceful, GST registered bidders for execution the works vide **NIT No:-WBMAD/ULB/SRMP/NIT-24/2024-25, Date: 17/01/2025,** Name of works- Proposed Construction of innovative laboratory at Serampore Girls High School with in serampore municipality. Bid Submission Start date (online) : **17/01/2025 AT 02:00 P.M.** Bid Submission Closing (online) : **01/02/2025 AT 04:00 P.M.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online) : **04/02/2025 AT 02:00 P.M.** For details of the project go through **http://wbtenders.gov.in** and **www.seramporemunicipality.net/tenders**

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं [**वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा** के अधिकार क्षेत्र के लिए] आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **एनआईटी संख्या: 160_2024-25, दिनांक: 15.01.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता [समन्वय]/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल/अन्य मंडल में कहीं भी साइट पर अभियंता के अनुदेश के अनुसार 30 मीटर की दूरी के अंदर मल्टीपल ट्रैक के सभी लेड, लिफ्ट, क्रॉसिंग सहित सभी प्रकार की पी.वे सामग्रियों जैसे कि टेलर तथा ईआरसी में इस्तेमाल के लिए आवश्यक रेल, स्विच, क्रॉसिंग आदि, बोल्ट एवं नट, बेअरिंग प्लेट तथा अन्य पी.वे सामग्रियां तथा ट्रैक मशीन स्पेयर पार्ट्स जैसे कि कन्वेयर बेल्ट, कटर, चेन, वियर प्लेट, फ़िल्टर, वाल्व, सिलिंडर, बैटरी, पंप, मोटर आदि का परिवहन, ट्रक का वांछित इस्तेमाल सहित यांत्रिक लदायी, उतारना एवं इकट्ठा करना, अलग करना आदि। **अनुमानित लागत:** ₹ 4,04,54,805। **बयाना राशि:** ₹ 3,52,300। **पूरा करने की अवधि:** 06 (छः) महीना। **क्रम संख्या:** 2। **एनआईटी संख्या: 305_2024-25, दिनांक: 15.01.2025। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल- टीएसआर (पी) - 27.449 टीकिमी.। बाली-शक्तिगढ़ लोकेशन में डाउन-1 18.984-21 = 2.016 किमी., डाउन-1 22-23 = 1 किमी., डाउन-1 24.250-27 = 2.750 किमी., डाउन-1 29-33 =4 किमी., डाउन-1 34.500-37 = 2.500 किमी., अप-1 22-27 = 5 किमी., अप-1 31.145-32 = 0.855 किमी., अप-1 32.582-33.165 = 0.583 किमी., अप-1 33.305-37 = 3.695 किमी., खाना-सैंथिया डाउन 58-62.050 = 4.050 किमी., अप 52-53 = 1 किमी., ठेकेदारों के निजी पीक्यूआरएस पोर्टल (2 अदद) तथा गैंट्री द्वारा टीएसआर (पी)-17 किमी. एवं पीक्यूआरएस/ मैनुअल द्वारा 10.449 किमी.। **अनुमानित लागत:** ₹ 6,19,31,217.67। **बयाना राशि:** ₹ 4,59,700। **पूरा करने की अवधि:** 18 (अट्ठारह) महीना। **क्रम संख्या:** 3। **एनआईटी संख्या: 306_2024-25, दिनांक: 15.01.2025। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल- सीटीआर (पी) - 15.292 टीकिमी.। बाली-बैंडेल लोकेशन में अप-2 19.418-21 = 1.582 किमी., कटवा-आजिमगंज अप 108.600-122.310 = 13.710 किमी., कुल सीटीआर (पी) - 15.292 टीकिमी. एवं टीएसआर (पी)- 35.122 टीकिमी.। बैंडेल-शक्तिगढ़ के लोकेशन में-आरईवी एमएल 47.327-55 = 7.673 किमी., बाली-शक्तिगढ़ डाउन-1 18.984-21 = 2.016 किमी., डाउन-1 22-23 = 1 किमी., डाउन-1 24.250-27 = 2.750 किमी., डाउन-1 29-33 = 4 किमी., डाउन-1 34.500-37 = 2.500 किमी., अप-1 22-27 = 5 किमी., अप-1 31.145-32 = 0.855 किमी., अप-1 32.582-33.165 = 0.583 किमी., अप-1 33.305-37 = 3.695 किमी., खाना-सैंथिया डाउन 58-62.050 = 4.050 किमी., अप 52-53 = 1 किमी. ठेकेदारों के निजी पीक्यूआरएस पोर्टल (2 अदद) तथा गैंट्री द्वारा। **अनुमानित लागत:** ₹ 6,11,07,089.15। **बयाना राशि:** ₹ 4,55,500। **पूरा करने की अवधि:** 18 (अट्ठारह) महीना। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 05.02.2025 को दोपहर 2:00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान-** ई-निविदा के सम्बन्ध में जमा बयाना राशि [ईएमडी] तथा निविदा दस्तावेज की कीमत [टीडीसी] का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये ही स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (HWH-550/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## सीआईडी जांच शुरु, निलंबित 12 डॉक्टरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेदिनीपुर अस्पताल में प्रसूति की मौत की घटना के सिलसिले में शुक्रवार को सीआईडी जांच शुरु हुई और सीआईडी की टीम मेदिनीपुर पहुंची है। वहीं, सीआईडी ने आरोपी 12 डॉक्टरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। बता दें कि राज्य खुफिया विभाग ने घटना की जांच के बाद आरोपियों की लापरवाही को स्पष्ट करते हुए पहले ही राज्य को एक रिपोर्ट सौंप दी है। इस दिन, सुबह में जांचकर्ताओं ने आरोपी डॉक्टरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 105 के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया। घटना में मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक जयंत कुमार राउत, प्रसूति विभाग के आरएमओ डॉ. सोमेन दास, डॉ. दिलीप कुमार पाल, सहायक प्रोफेसर डॉ. हिमाद्री नायक, डॉ. मोहम्मद अलाउद्दीन, डॉ. पल्लवी बनर्जी (वरिष्ठ आरएमओ), डॉ. मौमिता मंडल (पीजीटी), डॉ. भाग्यश्री कुंडू (पीजीटी), डॉ. सुशांत मंडल (प्रथम वर्ष पीजीटी), डॉ. पूजा साहा (प्रथम वर्ष पीजीटी), डॉ. मनीष कुमार (प्रथम वर्ष पीजीटी) और डॉ. जागृति घोष (द्वितीय वर्ष पीजीटी) को निलंबित कर दिया गया है। बता दे कि सीआईडी के साथ-साथ राज्य स्वास्थ्य विभाग का 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी घटना की जांच कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, घटना में निलंबित डॉक्टरों की संख्या बढ़ सकती है। कई अन्य डॉक्टर भी जांचकर्ताओं की निगरानी के घेरे में हैं।

## मुंबई की लैब ने 'जहरीले' सलाइन बनाने वाली कंपनी को दी क्लीन चिट

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा सलाइन बनाने वाली कंपनी के सलाइन सहित कई दवाओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अब, मुंबई की ड्रग टेस्टिंग लैब ने उस कंपनी के सलाइन को क्लीन चिट दे दी है। कर्नाटका सरकार द्वारा आरोप लगाने के बाद हुए परीक्षण में कंपनी के सलाइन को क्लीन चिट मिल गई है। जैसे ही लैब की रिपोर्ट सामने आई, चिकित्सक वर्ग में आक्रोश फैल गया। कुछ दिन पहले, मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में एक प्रसूति की मृत्यु के बाद, पश्चिम बंगाल फार्मास्युटिकल की उस सलाइन के खिलाफ आरोप लगाए गए थे। इसके बाद, स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल उस सलाइन सहित कंपनी की दस दवाओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया और सरकारी अस्पतालों को निर्देश जारी किए। दिसंबर के पहले सप्ताह में केंद्र-राज्य के ड्रग कंट्रोल अधिकारियों ने चोपड़ा की फैक्ट्री से नमूने एकत्र किए थे, जिन्हें मुंबई की लैब में परीक्षण के लिए भेजा गया था। मुंबई की लैब से मिली रिपोर्ट में कुछ भी गलत पाए जाने की बात कही गई है। इस रिपोर्ट को राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोलकाता हाई कोर्ट में दाखिल जनहित याचिका के आधार पर प्रस्तुत किया गया है। हालांकि, राज्य सरकार ने इस सलाइन पर प्रतिबंध बनाए रखा है, क्योंकि यह पद्धतियां जिन्हें एक उत्पाद को जीवाणुरहित करने के लिए लागू किया जाना चाहिए, उन मानकों पर यह कंपनी खरी नहीं उतर पाई। राज्य स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि एक बार फिर से निरीक्षण किया जाएगा और अगर सब कुछ सही पाया जाता है, तो प्रतिबंध हटा लिया जाएगा।

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/56/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित /डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए "website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा की जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र सं. | टेंडर नं. | अंतिम विवरण | निविदा मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 20244101A | भूलभुलैया और असर टोपी (डीई) का सेट। | 147 नग |
| 2 | 30241536A | एलएचबी नॉन-एसी कोचों के लिए सेकेंडरी स्प्रिंग। | 408 नग |
| 3 | 30241535A | एलएचबी नॉन-एसी कोचों के लिए सेकेंडरी स्प्रिंग इनर। | 548 नग |
| 4 | 38243004 | 1/2"(12.7 मिमी) व्यास बुल लॉक बोल्ट पिन | 393177 नग |
| 5 | 30241518 | ठोस या खोखले पिन के साथ एक्सल बॉक्स पिवोट बुश की खरीद। | 7782 नग |
| 6 | 30241205 | स्क्रू कपलिंग असेंबली की खरीद | 597 नग |

उपरोक्त सभी निविदाओं में निविदा सं. 1 की नियत तिथि – 10.02.2025, निविदा सं. 2 एवं 3 की नियत तिथि – 11.02.2025, निविदा सं. 4 की नियत तिथि – 13.02.2025, निविदा सं. 5 एवं 6 की नियत तिथि – 14.02.2025, 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# राज्यपाल की राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में अहम भूमिका : यूजीसी प्रमुख

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपालों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि राज्यों को यूजीसी की हालिया मसौदा अधिसूचना पर अमल करना चाहिए, जो राज्यपाल को कुलपतियों की नियुक्ति में बड़ी भूमिका देती है। एम जगदीश कुमार की टिप्पणी राज्य में 34 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राज्यपाल सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीत तृणमूल




कांग्रेस के बीच जारी विवाद के मद्देनजर अहम मानी जा रही है। कुमार ने कहा कि आजादी के बाद से, या उससे भी पहले, विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति को ही कुलपति नियुक्त करने का विशेषाधिकार प्राप्त था। इसलिए, उस मसौदा विनियमन में कोई नया बदलाव नहीं हुआ है, जिसमें कुलपतियों की नियुक्ति के मुद्दे को स्पष्ट किया गया है। दरअसल, गत गुरुवार को यूजीसी प्रमुख कोलकाता में सेंट जेवियर्स कॉलेज के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2010 के यूजीसी विनियमन ने कुलाधिपति को पहले ही कुलपतियों की नियुक्ति में अहम भूमिका प्रदान कर दी थी। कुलपतियों की नियुक्ति में कुलाधिपति की तुलना में राज्य सरकार की अधिक भूमिका होने के पश्चिम बंगाल सरकार के दावे के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा कि चयन समिति में राज्य सरकार के प्रतिनिधि को भी अपनी राय रखने का अधिकार होता है, जो कुलाधिपति को चार-पांच नाम भेजती है, जिसमें से वह किसी एक को चुनते हैं। उन्होंने कहा कि मसौदे में शामिल विभिन्न प्रस्तावों में से एक कुलपतियों की नियुक्ति में कुलाधिपति की भूमिका से संबंधित है और यह केंद्रीय और राज्य दोनों विश्वविद्यालयों के लिए प्रासंगिक है। कुमार ने कहा कि यूजीसी की ओर से जो भी नियम घोषित किए जाते हैं, उनका एकमात्र उद्देश्य हमारे विश्वविद्यालयों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए मिलकर काम करना हमारी जिम्मेदारी है।

## चार हजार से अधिक पद खाली, एसएससी की तीसरी काउंसलिंग 28 से 31 जनवरी तक

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) ने उच्च प्राथमिक शिक्षक भर्ती में खाली पदों को भरने के लिए तीसरे चरण की काउंसलिंग आयोजित करने का निर्णय लिया है। अब तक 4 हजार से अधिक पद खाली हैं। इन रिक्तियों को भरने के लिए वेटिंग लिस्ट से 1,543 उम्मीदवारों को तीसरे चरण की काउंसलिंग के लिए बुलाया गया है। दूसरे चरण तक 11,344 उम्मीदवारों को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था, लेकिन करीब 24% उम्मीदवार अनुपस्थित रहे, जिसके कारण कई पद खाली रह गए। एसएससी की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, तीसरे चरण की काउंसलिंग 28 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक आयोजित की जाएगी।




**शिव शक्ति समिति का 7 से 17 जनवरी तक चले गंगासागर तीर्थयात्रियों का सेवा कार्य का समापन हुआ। इस दौरान भजन कीर्तन, भोजन, आई चेक-अप के बाद चश्मा दिया गया। संस्था महासचिव पार्षद का कामाख्या नारायण सिंह ने सबके लिए मंगल कामना की। भारत शाह, मंटू शर्मा जयप्रकाश पांडेय, उमेश यादव गणेश शर्मा, नंदलाल शर्मा, सोनू पांडे, परशुराम मिश्रा, सुबिर सिंह, निक्कू पांडे, शेखर शर्मा, अशोक शर्मा, अरुण साव, कृपा शंकर दुबे, शशि सिंह विनय पांडे, नरेश चौधरी, अवधेश ओझा सक्रिय रहे।**




**यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति के समापन समारोह मे चेयरमैन गौरीशंकर पाड़े, अध्यक्ष विनय कुमार तिवारी, सचिव निखिलेश मिश्र, अतिथि आचार्य राकेश पाण्डे, शेषमनी पाण्डे, सुरेन्द्र प्रसाद दुबे ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।**

## महिला प्रगति संस्थान ने गंगासागर तीर्थयात्रियों की अनवरत सेवा की



**कोलकाता, समाज्ञा :** महिला प्रगति संस्थान के द्वारा गंगासागर सेवा शिविर 9 जनवरी से 16 जनवरी तक बाबूघाट में कैंप नंबर 48 के बगल में उनके टीम मेंबर्स के द्वारा लगातार सेवा दी गई। तीन वर्ष से महिला प्रगति संस्थान बाबूघाट में गंगासागर सेवा शिविर लगा रही है। प्रत्येक वर्ष की भांति 9 जनवरी को महिला प्रगति संस्थान के गंगासागर शिविर का उद्घाटन भगवान की पूजा अर्चना के साथ की गई। उद्घाटन के इस शुभ अवसर पर विश्वंभर नेवर उप-स्थित थे। लगातार 16 जनवरी तक संस्था के द्वारा सेवा कार्य जारी रहा। सेवा के तौर पर मुख्य रूप से रोजाना चाय, बिस्कुट के अलावा कंबल वितरण, मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर खिचड़ी का वितरण, अन्नपूर्णा एवं नारायण सेवा की रोटी प्रदान की गई।




**भारत नागरिक सेवा समिति, स्वर्णकार डेवलपमेंट एसोसिएशन समाज, विद्यापति स्मारक मंच और सक्सेना सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेवा शिविर का शुक्रवार को संपन्न हो गया। 10 जनवरी को शुरू हुए शिविर में लाखों तीर्थयात्रियों की सेवा की गई। शिविर को सफल बनाने में पी एन झा, सीमा गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, राम राज जायसवाल, पशुपति झा और विवेकानंद झा ने सक्रिय भूमिका निभाई।**

## 'जैन क्रिकेट चैंपियनशिप' का आगाज आज

**कोलकाता, समाज्ञा :** टीएचके जैन कॉलेज की तरफ से दो दिवसीय इंटर-स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट जैन क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। यह टूर्नामेंट काशीपुर स्थित टीएचके जैन कॉलेज के मैदान में 18 और 19 जनवरी को आयोजित होगी। इसमें आठ स्कूल हिस्सेदारी करेंगे। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर मौसमी सिंह सेनगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। राजीव मिश्रा की देखरेख में यह प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें अभिनय सिंह, आर्यन साव, भूमिका बंठिया, आशुतोष मिश्रा, पुनीत गुप्ता इत्यादि विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका होगी।

## हावड़ा मंडल में 19 जनवरी को ट्रैफिक और पावर ब्लॉक, एक जोड़ी ईएमयू लोकल रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे अपनी प्रणाली के सुरक्षित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर ट्रैक और सिग्नल एवं टेलीकॉम (एसएंडटी) उपकरणों का नियमित रखरखाव करती है। इन उपकरणों की उचित देखभाल से रेल यातायात में किसी भी प्रकार की रुकावट और देरी को कम किया जा सकता है, जिससे ट्रेनों का संचालन निर्धारित समय पर किया जा सके। इसके साथ ही, यह रखरखाव रेलवे बुनियादी ढांचे की दीर्घायु को भी बढ़ाता है। इस कारण हावड़ा मंडल में 19 जनवरी को ट्रैफिक और पावर ब्लॉक का आयोजन किया जाएगा। इस दिन 19 जनवरी को तारकेश्वर से 37334 और हावड़ा से 37323 रद्द की गई है। इसके अलावा, 37749 बंडेल-कटवा लोकल, बंडेल से 12:15 बजे के बजाय 12:45 बजे रवाना होगी और 37374 गोघाट-हावड़ा लोकल, गोघाट से 13:10 बजे के बजाय 13:20 बजे रवाना होगी।

## अंबुजा सीमेंट्स की एसईडीआई पहल ने संकरैल में युवाओं के जीवन में बदलाव लाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंबुजा सीमेंट्स, अदाणी समूह का हिस्सा, अपनी सीएसआर पहल कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान (एसईडीआई) के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाकर उनके जीवन में बदलाव ला रही है। पश्चिम बंगाल के संकरैल में स्थित एसईडीआई ने हुगली जिले के गुरप गांव के साधन हंसदा जैसे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद की। साधन, जो हाई स्कूल के बाद बेरोजगारी से जूझ रहे थे, ने एसईडीआई के ऑटोमोबाइल सर्विस टेक्नीशियन (2-व्हीलर) कोर्स में दाखिला लिया। 150 किलोमीटर की यात्रा कर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें अहमदाबाद में विक्रांत एंटरप्राइजेज जेबीएम में 16,441 रुपये मासिक वेतन की नौकरी मिली। साधन की सफलता ने उनके गांव के अन्य युवाओं को भी प्रेरित किया। अंबुजा सीमेंट्स का उद्देश्य अपने 17 एसईडीआई केंद्रों के माध्यम से युवाओं को रोजगार और आर्थिक स्वतंत्रता दिलाना है।

## रॉयल स्टैग बूमबॉक्स – तीसरे संस्करण के साथ लेकर आ रहा है अनुभवात्मक संगीत समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** रॉयल स्टैग बूमबॉक्स, सीग्राम रॉयल स्टैग का प्रमुख संगीत कार्यक्रम, अपने तीसरे संस्करण के साथ लौट रहा है। इस बार कार्यक्रम में बॉलीवुड और हिप-हॉप संगीत के अद्भुत मिश्रण का अनुभव मिलेगा। प्रसिद्ध कलाकारों के रूप में अरमान मलिक, अमित त्रिवेदी, नीति मोहन, रफ्तार, इक्का, निकिता गांधी और डीजे योगी शामिल हैं। इस संगीत समारोह का आयोजन चार प्रमुख शहरों- हैदराबाद, मुंबई, गुरुग्राम और गुवाहाटी में किया जाएगा। पिछले दो वर्षों में इस कार्यक्रम ने करीब एक लाख दर्शकों को आकर्षित किया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 20 करोड़ से अधिक व्यूज मिले। इस साल कार्यक्रम में गेमिंग का भी अनुभव होगा, जिसमें एम्पवर्स डीएमआई पल्स के सहयोग से एक शानदार गेमिंग शोडाउन आयोजित किया जाएगा। यह समारोह संगीत, कला, और तकनीक के अनूठे मिश्रण को प्रस्तुत करेगा। संगीत के माध्यम से रॉयल स्टैग बूमबॉक्स लोगों को एकजुट करने की क्षमता रखता है, और यह संगीत का एक बड़ा उत्सव होगा जो युवाओं को प्रेरित करेगा।

## ओप्पो रेनो13 सीरीज लांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** शुक्रवार को ओप्पो इंडिया ने कोलकाता में ओप्पो रेनो 13 सीरीज को लांच कर दिया है। पावरफुल प्रोसेसर के साथ इस सीरीज में दो स्मार्टफोन लॉन्च हुए हैं, जो कि ओप्पो रेनो13 और ओप्पो रेनो 13प्रो हैं। बताया गया है कि इस सीरीज में कई प्रकार की एआई फीचर्स की शामिल हैं। ओप्पो इंडिया की प्रोडक्ट मार्केटिंग एक्सपर्ट सौम्या शाह ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते बताया कि इसमें




एआई लाइवफोटो, एआई क्लैरिटी और वॉटर एवं डस्ट रेजिस्टेंस के लिए आईपी66, आईपी68, आईपी69 के साथ अंडरवॉटर फोटोग्राफी जैसे फीचर्स भी दिए गये है। उन्होंने बताया कि यह पहली सीरीज है जिसमें गेमिंग के लिए एआई-स्मार्टफोन चिप, मीडियाटेक डायमेंसिटी 8350 भी है।

## आखिल भारतीय प्रगतिशील सुलतानपुर समाज के सेवा शिविर का समापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** आखिल भारतीय प्रगतिशील सुलतानपुर समाज के गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का शुक्रवार को समापन एवं अगले साल की तैयारी योजना के साथ समारोह बाबूघाट में हुआ। इस मौके पर जय प्रकाश सिंह (क्षत्रिय समाज के संरक्षक), समाज्ञा हिन्दी दैनिक के संपादक अनिल राय, योगेश अवस्थी, शंकर बख्श सिंह एवं अन्य अतिथि रहे। समारोह में संरक्षक सूर्य नाथ सिंह, अध्यक्ष प्रदीप ओझा, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष राय साहब सिंह, उपाध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह, सचिव सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश सिंह, अमर बहादुर सिंह, अनिल सिंह, संजय




सिंह, श्रीनिवास सिंह, आनंद मोहन सिंह, प्रदीप सिंह, योगेंद्र सिंह, दयाराम धुरिया, इंद्रेश यादव, विजय सिंह, शारदा सिंह, नृपेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, लक्ष्मी निवास सिंह, अनय सिंह, संदीप मिश्रा, जयप्रकाश सिंह, हनुमान सिंह, बाबा पांडेय, पिंकी, माया तिवारी, राजेश सिंह एवं अन्य कार्यक्रम सफल करने में सक्रिय रहे।




**अवध समाज के समापन समारोह में चेयरमैन तारकेश्वर दूबे, डिप्टी चेयरमैन विजय शंकर दूबे, प्रेम प्रकाश तिवारी, कार्यकारिणी अध्यक्ष तारक नाथ दूबे, उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष विजय प्रकाश मिश्र, प्रमुख सचिव राम चेत वर्मा, संगठन सचिव श्याम नारायण तिवारी, सचिव शारदा प्रसाद तिवारी, दिलीप तिवारी, आशीष कुमार सिंह, अरुण तिवारी, कृपा शंकर पाण्डेय, पवन कुमार शुक्ला, विजय लाल शुक्ला आदि उपस्थित रहे।**

## गंगासागर मेले में पधारे साधु-महात्माओं का स्वागत 18 जनवरी को



**कोलकाता, समाज्ञा :** भागवताचार्य स्वामी त्रिभुवनपुरी महाराज के सानिध्य में श्री रामेश्वरनाथ महादेव मन्दिर में गंगासागर मेले में पधारे साधु-महात्माओं के स्वागतार्थ भंडारा-महाप्रसाद 18 जनवरी को होगा। ब्रह्ममयी काली मन्दिर के महामंडलेश्वर स्वामी परमात्मानंद महाराज ने भागवताचार्य त्रिभुवन पुरी महाराज से मुलाकात कर पश्चिम बंगाल में सनातन हिन्दू धर्म, संस्कृति के प्रचार-प्रसार, गोसंवर्द्धन, गोसंरक्षण एवं बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, उत्पीड़न एवं धार्मिक चर्चा की। त्रिभुवन पुरी महाराज ने स्वामी परमात्मानंद महाराज का स्वागत किया। समाजसेवी अरविन्द बियानी, अनिल जालान, ललित गुप्ता (गुप्ता ब्रदर्स), लाल बहादुर पाठक एवं कार्यकर्ता सक्रिय हैं।

## 'डिस्कवर पेनांग' : पीसीईबी ने 8वें पेनांग रोड शो टू इंडिया 2025 की शुरुआत की




**कोलकाता, समाज्ञा :** पेनांग कन्वेंशन एंड एक्जीबिशन ब्यूरो (पीसीईबी) ने 13 से 20 जनवरी तक पेनांग रोड शो टू इंडिया 2025 के 8वें संस्करण का आयोजन कर रहा है। डिस्कवर पेनांग थीम के तहत यह रोड शो मुंबई, नई दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे चार प्रमुख भारतीय शहरों में आयोजित हो रहा है। रोड शो ने 200 खरीदारों और 30 मीडिया प्रतिनिधियों को आकर्षित किया। रोड शो का मुख्य आकर्षण इंडिगो एयरलाइंस की चेन्नई और पेनांग के बीच नई सीधी उड़ान है, जो यात्रा को सुगम बनाती है और व्यापार व पर्यटन के लिए नए अवसर खोलती है। इसके अलावा, मलेशिया ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा छूट को 31 दिसंबर 2026 तक बढ़ा दिया है, जिससे 30 दिनों तक बिना वीजा प्रवेश संभव हो सका है। पीसीईबी के सीईओ अश्विन गुणसेकरन ने कहा, यह रोड शो पर्यटन और व्यावसायिक आयोजनों में दीर्घकालिक वृद्धि को बढ़ावा देगा। 2024 में, पेनांग ने 1,900 कार्यक्रमों के साथ आरएम 1.27 बिलियन का आर्थिक प्रभाव उत्पन्न किया। रोड शो का उद्देश्य पेनांग को भारतीय बाजार के लिए एक आदर्श गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

## पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन ने मेधावी छात्रों और प्रतियोगिता विजेताओं को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन ने अपनी अध्यक्ष सीमा देवस्कर के नेतृत्व में 17 जनवरी को बेलवेडियर पार्क, अलीपुर स्थित पूर्व रेलवे अधिकारी क्लब में एक भव्य



सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 2023-24 शैक्षणिक सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के ग्रुप सी और ग्रुप डी कर्मचारियों के बच्चों में से कुल 34 मेधावी छात्रों और 56 प्रतियोगिता विजेताओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रों को सीमा देउस्कर द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। उन्होंने अपने समापन भाषण में युवाओं को प्रेरित करते हुए उत्कृष्टता की ओर निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। यह पहल ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ द्वारा पूर्व रेलवे कर्मचारियों के बच्चों में शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## 19 जनवरी को ग्रीन लाइन पर कोई मेट्रो सेवा नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) प्रणाली के परीक्षण के लिए ग्रीन लाइन पर 19 जनवरी (रविवार) को कोई सेवा नहीं होगी। सामान्य ग्रीन लाइन सेवाएं (दोनों ग्रीन लाइन-1 पर) और 2) अगली सलाह तक नियमित रूप से चालू रहेगा। परीक्षण के आधार पर सुबह और शाम के पीक आवर्स यानी 09.00 बजे से 11.00 बजे और 17.00 बजे से 20.00 बजे के दौरान ब्लू लाइन पर सेवाओं की संख्या सात मिनट से घटाकर छह मिनट करके पहले ही 248 से बढ़ाकर 262 कर दी गई है।

## गंगासागर मेला के दौरान नामखाना और काकद्वीप स्टेशनों पर हैंड-हेल्ड मोबाइल यूटीएस काउंटर की विशेष सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर मेला हाल ही में भव्य रूप से संपन्न हुआ है। इस दौरान, पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं की। इस दौरान मेला स्पेशल ईएमयू लोकल ट्रेनों का संचालन किया गया, जो यात्रियों के लिए सुगम यात्रा का एक माध्यम बनीं। इसके साथ ही, 15 से 17 जनवरी तक काकद्विप और नामखाना स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। इन व्यवस्थाओं में कर्मचारियों की तैनाती, साफ-सफाई में सुधार, चिकित्सा बूथों के साथ एंबुलेंस सेवा, 'माई आई हेल्प यू' बूथ और सुरक्षा सहायता जैसी सेवाएं शामिल थी। इसके अलावा, स्काउट्स और गाइड्स के स्वयंसेवक भी स्टेशनों पर मौजूद थे, जिन्होंने



विशेष रूप से वृद्ध यात्रियों और महिलाओं को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में सहायता प्रदान की। सियालदह मंडल द्वारा काकद्विप और नामखाना स्टेशनों पर दिव्यांगजन और महिला यात्रियों के लिए विशेष सुविधाओं के साथ आधुनिक शौचालय परिसर स्थापित किए गए, जो गंगासागर मेला के दौरान यात्रियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हुए। पूर्व रेलवे की एक और खास पहल मोबाइल यूटीएस काउंटर की सुविधा थी, जिसके तहत वाणिज्यिक कर्मचारियों (टीटीई) ने प्लेटफार्मों और स्टेशन के प्रवेश द्वारों पर यात्रियों को हैंड-हेल्ड मोबाइल यूटीएस यूनिट्स के जरिए टिकट जारी किए। 12 से 15 जनवरी 2025 तक, काकद्विप पर 11322 और नामखाना पर 4818 यात्रियों ने मोबाइल यूटीएस से टिकट प्राप्त किए। गंगासागर मेला के दौरान यात्रा टिकटों की बिक्री में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। 14 जनवरी को काकद्विप पर लगभग 23 हजार और नामखाना पर 10 हजार से अधिक यात्रियों ने यात्रा टिकट खरीदी। इस दिन काकद्वीप और नामखाना स्टेशनों पर क्रमशः 106% और 38% की वृद्धि देखी गई।

## टीबी के खिलाफ जंग, मालदह रेलवे अस्पताल में शपथ के साथ नई शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह डिविजनल रेलवे अस्पताल में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूक करने के उद्देश्य से शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने टीबी हारेगा, देश जी-तेगा के नारे के साथ क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग टीम और राज्य तकनीकी सहायता इकाई-टीबी के डॉ. के.के. पांडे व उनकी टीम ने भी अस्पताल का दौरा किया। कार्यक्रम में एनटीईपी के लक्ष्यों पर चर्चा की गई, विशेष रूप से गुमशुदा टीबी मामलों को ढूंढना और उनका इलाज करना मिशन पर जोर दिया गया। इस चर्चा में मधुमेह, एचआईवी, बुजुर्ग जैसे उच्च जोखिम



वाले समूहों और टीबी से होने वाली मौतों में कमी के प्रयासों को रेखांकित किया गया। इस जागरूकता सत्र में डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी और विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए आए मरीज शामिल हुए। जागरूकता बढ़ाने के लिए 16 जनवरी से मालदह डिविजन के सभी सीयूजी फोन उपयोगकर्ताओं की रिंगटोन को टीबी जागरूकता धुन में बदल दिया गया। इसके अलावा, पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन, मालदह ने निक्षय मित्र पहल के तहत गैर-रेलवे समुदाय के टीबी प्रभावित लोगों को खाद्य टोकरी प्रदान कर उनकी मदद जारी रखी।

# धर्मनिरपेक्षता विरोधी ताकतों के खिलाफ लड़ाई की जरूरत : प्रकाश करात

## कहा... 'ज्योति बसु देश में वामपंथी आंदोलन द्वारा की गई प्रगति के प्रतीक थे'

**✒ केंद्र पर हिंदुत्व को देश की आधिकारिक विचारधारा बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया**




**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता प्रकाश करात ने भारत के धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक ताना-बाना को नष्ट करने का प्रयास करने वाली ताकतों के खिलाफ राजनीतिक और वैचारिक लड़ाई की आवश्यकता पर शुक्रवार को जोर दिया। इस दिन, कोलकाता के न्यूटाउन में ज्योति बसु सामाजिक अध्ययन एवं शोध केंद्र (रिसर्च सेंटर) के प्रथम चरण का उद्घाटन करते हुए माकपा पोलित ब्यूरो समन्वयक ने इन ताकतों पर हिंदुत्व को देश की आधिकारिक विचारधारा बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसी ताकतों के खिलाफ लड़ाई केवल चुनावी क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह तर्कहीन ताकतों के खिलाफ राजनीतिक और वैचारिक लड़ाई है।

करात ने कहा कि छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचे को ढहाये जाने के बाद बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने इस विध्वंस के पीछे मौजूद पार्टी और ताकतों को बर्बर करार दिया था। भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन में बसु के योगदान और नेतृत्व को याद करते हुए करात ने कहा, जहां तक बंगाल का सवाल है, ज्योति बसु इस बात के उदाहरण थे कि कम्युनिस्टों को कामकाजी लोगों के हितों को आगे बढ़ाने तथा वामपंथी और लोकतांत्रिक आंदोलन को मजबूत करने के लिए विधानसभाओं एवं राज्य सरकारों में कैसे काम करना चाहिए। करात ने कहा, कामरेड ज्योति बसु हमारे देश में कम्युनिस्ट और वामपंथी आंदोलन द्वारा की गई प्रगति के प्रतीक थे। इस अवसर पर रवींद्रसंगीत गायिका रेजवाना चौधरी बन्न्या विशेष अतिथि थीं। वहीं, वाममोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस और माकपा के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने भी अपने विचार रखे। पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु के नाम पर स्थापित रिसर्च सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन वह इसमें शामिल नहीं हुईं।

# 'जांचकर्ताओं को कोटे से मिली नौकरी', बैरकपुर कमिश्नरेट से बाहर निकलकर अर्जुन सिंह का जांचकर्ताओं पर तंज



**कोलकाता, समाज्ञा :** बीजेपी नेता और पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने बैरकपुर कमिश्नरेट में जांचकर्ताओं पर तीखा तंज कसा। वह शुक्रवार को बैराकपुर कमिश्नरेट में एक मामले में जांच के लिए उपस्थित हुए थे। वे भाटपाड़ा नगर निगम से जुड़े एक मामले में आरोपी बने हैं। इस महीने की 8 तारीख को उन्हें इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने उस दिन उपस्थित होने से इनकार कर दिया था। इसके बाद, शुक्रवार को उन्हें फिर से तलब किया गया था। पूछताछ में उन्होंने कहा कि, यह लोग मूर्ख हैं। इन्हें कुछ भी नहीं पता। कानून के बारे में इनकी कोई समझ नहीं है। ये कोटे में नौकरी पा रहे हैं। जो लोग गलत तरीके से नौकरी पाते हैं, वही अब कुछ कर रहे हैं। अर्जुन सिंह ने बार-बार उन्हें क्यों बुलाया जा रहा है, इस सवाल पर कहा, 2016 में नगर निगम से एक कंपनी को काम मिला था, जो 2018 में सीसी लेकर निकल गई। उस कंपनी का मालिक प्रियंका पांडे था, जो अब बीजेपी में शामिल हो गया है। अब उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और मुझे बुलाया जाता है।

# विधानसभा चुनावों से पहले श्रीरामपुर में मजबूत हुई तृणमूल, 40 महिलाओं ने थामा तृणमूल का दामन



**हुगली, समाज्ञा :** 2026 में पश्चिम बंगाल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में तृणमूल कांग्रेस जुटी हुई है। श्रीरामपुर नगरपालिका के 5 नंबर वार्ड में स्थित निकुंज भवन में वार्ड नंबर 29 की तकरीबन 40 महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस का झंडा थामकर तृणमूल में शामिल हो गई। श्रीरामपुर नगरपालिका के 7 नंबर वार्ड के पार्षद व टाउन अध्यक्ष संतोष सिंह (पप्पू ) के हाथों महिलाओं ने तृणमूल का दामन थामा। मौके पर श्रीरामपुर नगरपालिका के 29 नंबर वार्ड पार्षद जयनाथ झा, महिला तृणमूल अध्यक्ष शर्मिष्ठा दास व अन्य उपस्थित रहे। पार्षद जयनाथ झा ने कहा कि ममता बनर्जी के विकासमूलक कार्य व उनके पथ का अनुसरण करते हुए महिलाओं ने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को छोड़कर तृणमूल में शामिल हुई। विधानसभा चुनावों से पहले तृणमूल मजबूत होते जा रही है। इस बार विरोधी शून्य विधानसभा होने वाली है।

# बंगाल एसटीएफ ने 1.5 करोड़ की प्रतिबंधित फेंसिडिल की खेप पकड़ी, तीन तस्कर गिरफ्तार

## फेंसेडिल बोतलों को सीमा पार कराकर बांग्लादेश में तस्करी की थी योजना



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बांग्लादेश की सीमा से सटे नदिया जिले में गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए करीब 1.5 करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की बड़ी खेप जब्त की, जिसकी पड़ोसी देश में तस्करी की जानी थी। साथ ही, तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को एसटीएफ टीम ने एक खुफिया सूचना पर उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव के गनरापोटा बाजार में छापा मारा और एक व्यक्ति को पकड़ा। उसकी जानकारी के आधार पर टीम ने नदिया जिले के चकदह के सिंगेर बागान इलाके में तलाशी अभियान चलाकर दो दस-पहिया ट्रकों की तलाशी में 19 हजार 400 बोतल प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप बरामद की। दोनों ट्रकों को भी जब्त कर लिया गया है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुनील तिवारी (38), हजारीबाग, झारखंड, गुड्डू कुमार (19), गया, बिहार और हरे कृष्ण राय (58), गनरापोटा, बनगांव, उत्तर 24 परगना के रूप में हुई है। एसटीएफ अधिकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपित एक अंतरराज्यीय नशा तस्करी गिरोह से जुड़े हैं। फेंसिडिल की यह खेप उत्तर प्रदेश से लाई गई थी, जिसे सीमा पार कराकर बांग्लादेश में तस्करी करने की योजना थी। पुलिस ने घटना के संबंध में एनडीपीएस अधिनियम के तहत चकदह थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसटीएफ के अधिकारी इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाशी शुरू कर दी है। एसटीएफ एसपी ने दावा किया कि यह ऑपरेशन नशा तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता है।

# आवास योजना सूची में भ्रष्टाचार, बनगांव में दो सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के बनगांव ब्लॉक के गोपालनगर इलाके में बंगाल आवास योजना की लाभार्थी सूची में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) ने इस मामले में दो सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि दोनों कर्मचारियों ने सर्वेक्षण के दौरान लाभार्थियों की सूची में नाम बदलकर घोटाला किया। बीडीओ कार्यालय के अनुसार, आरोपित कर्मचारी संजय बोस और विश्वजीत मित्रा चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं और आवास योजना की सूची तैयार करने के सर्वेक्षण का कार्य देख रहे थे। आरोप है कि उन्होंने तीन वास्तविक लाभार्थियों के नाम सूची से हटाकर उनकी जगह अन्य तीन लोगों के नाम और बैंक खाता संख्या जोड़ दी। ये तीनों नए नाम बनगांव ब्लॉक के निवासी हैं लेकिन उन्होंने सरकारी योजना के तहत घर बनाने के लिए कोई आवेदन नहीं किया था। हाल ही में, जब इन तीनों के बैंक खातों में 60-60 हजार रुपये की राशि जमा हुई, तो यह मामला बीडीओ कृष्णेंदु घोष के संज्ञान में आया। जांच के दौरान इस गड़बड़ी का खुलासा हुआ। इसके बाद, बीडीओ ने गोपालनगर थाने को ईमेल के जरिए घटना की सूचना दी और दोनों कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बीडीओ की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, आरोपितों संजय बोस और विश्वजीत मित्रा की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# निजी अस्पताल ने आपात सेवा के लिए छत पर हेलीपैड स्थापित किया



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के एक निजी अस्पताल ने शुक्रवार को सफल परीक्षण के साथ अपनी छत पर हेलीपैड की शुरुआत की। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि अगस्ता 109 एसपी हेलीकॉप्टर ने बेहाला फ्लाइंग क्लब से उड़ान भरी और अस्पताल के हेलीपैड पर सुचारू रूप से उतरा, जो आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में एक मील का पत्थर है। हेलीकॉप्टर निजी सुपर-स्पेशलिटी देसुन अस्पताल के छत पर बने हेलीपैड पर उतरा। अस्पताल को 14 जनवरी को नागरिक उड्डयन महानिदेशक (डीजीसीए) से इसकी मंजूरी मिली थी और उसने परीक्षण के तौर पर पहली लैंडिंग करने के निर्देश दिए थे।

# हंगरफोर्ड स्ट्रीट में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग

## आठ इंजनों की मदद से एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के मिंटो पार्क इलाके में हंगरफोर्ड स्ट्रीट स्थित एक बहुमंजिला इमारत में शुक्रवार की दोपहर में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस व दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अग्निकांड में कोई घायल नहीं हुआ। आग लगने के बाद सभी निवासियों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि आग कैसे लगी। संबंधित आवास के निवासियों का कहना है कि आग संभवत: शार्ट सर्किट से लगी थी। बिजली के तारों के जलने की गंध पाकर कई लोग इमारत से बाहर आ गए। कुछ ही क्षणों में देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास काले धुएं से ढक गया। सूचना मिलते ही दमकल की एक-एक कर आठ गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से इमारत को काफी नुकसान की खबर है। आग के चलते इलाके में अफरातफरी का माहौल रहा। मिंटों पार्क के पास जिस इमारत में आग लगी थी, उसके पास स्कूल और कई अस्पताल हैं। आग बुझने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# मालदह में तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**मालदह :** मालदह जिले में दिन दहाड़े एक तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार की शाम को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त का नाम जाकिर शेख है। पुलिस ने यदुपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 34 से गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार की सुबह हसु शेख की हत्या कर दी गई और तृणमूल नेता बकुल शेख और इसरुद्दीन शेख पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल नेताओं का फिलहाल मालदह मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। अपराध के बाद, एक अन्य संदिग्ध आमिर हमजा को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद, जाकिर शेख को पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया, जो कथित तौर पर हत्या और दो तृणमूल नेताओं पर हमलों के पीछे का मास्टरमाइंड था। पुलिस ने ऑपरेशन में ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया, जिसके बाद आखिरकार जाकिर को गिरफ्तार कर लिया गया। जाकिर शेख पर हत्या के पीछे मुख्य मास्टरमाइंड होने का संदेह है। सूत्रों का कहना है कि जाकिर एक क्षेत्रीय विवाद में शामिल था, जिसके कारण यह घटना हुई। मालदह एसपी प्रदीप कुमार यादव ने एक बयान में जाकिर शेख की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस हमले में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश जारी रखे हुए है।

# सलाइन कांड में निलंबन के खिलाफ राज्यपाल से न्यायिक जांच की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना को लेकर सर्विस डॉक्टर्स फोरम ने राज्यपाल से न्यायिक जांच की मांग की है। फोरम का आरोप है कि डॉक्टरों को सस्पेंड कर असल मुद्दे से ध्यान हटाने का प्रयास किया जा रहा है। इस संदर्भ में सर्विस डॉक्टर्स फोरम ने ईमेल के माध्यम से अपनी मांग राज्यपाल को भेजी। फोरम का कहना है कि मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में मृत प्रसूता के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि सलाइन या दवा की विषाक्तता ही उनकी मृत्यु का कारण बनी। ऐसे में प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए इस घटना का दोष डॉक्टरों पर मढ़ रहा है।

# चकदह में सड़क हादसे में तीन की मौत




**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के चकदह में गुरुवार की देर रात हुई सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि, तीसरे युवक की मौत शुक्रवार की सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वसीम मंडल (24) और जनक शेख (18) की गुरुवार रात मौत हो गई। शेख शरीफुल (20) का सुबह में अस्पताल में निधन हुआ। तीनों हरिणघाटा के बिरही पांचपोता इलाके के निवासी थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार की शाम बिरही के तीन युवक बाइक से शिमुराली मोल्लापाड़ा में जलसा के कार्यक्रम में गए थे। कार्यक्रम के बाद वह रात करीब 12.30 बजे मोल्लापाड़ा से बाइक से घर लौट रहे थे। तभी, चकदह के जतरापुर चौराहे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर उनके बाइक की एक लॉरी से आमने-सामने टक्कर हो गई। तेज आवाज सुनकर स्थानीय निवासी घटनास्थल पर पहुंचे और लहूलुहान हालत तीनों को कल्याणी स्थित जेएनएम अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने वसीम और जनक को मृत घोषित कर दिया। शरीफुल का इलाज चल रहा था। शुक्रवार की सुबह उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

# नयी पीढ़ी में पुस्तक पढ़ने की अलख जगा रहा दुआरे पुस्तक मेला : सूर्य स्वपन घोष



**हुगली, समाज्ञा :** बैद्यवाटी नगरपालिका के तरफ से आयोजित प्रथम पुस्तक मेला में बैद्यवाटी नगरपालिका के 18 नंबर वार्ड के पार्षद व लेखक सूर्य स्वपन घोष की लिखी पुस्तक का विमोचन श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी के हाथों हुआ। मौके पर बैद्यवाटी नगरपालिका के चेयरमैन पिंटू महतो समेत गणमान्य उपस्थित रहे। बैद्यवाटी नगरपालिका के 18 नंबर वार्ड के पार्षद व लेखक सूर्य स्वपन घोष ने बताया कि राज्य सरकार जिस तरह से दुआरे सरकार कार्यक्रम का आयोजन कर रही वैसे ही दुआरे पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि प्रिंट मीडिया के समाज में अग्रणीय स्थान है। प्रिंट मीडिया सदियों से मौजूद है। हमने किताबों, पत्रिकाओं और समाचार पत्रों के माध्यम से अपनी दुनिया के बारे में सीखा है और इसने आधुनिक समाज में हमारे सीखने, सोचने और कार्य करने के तरीके को आकार दिया है। प्रिंट मीडिया आज भी बहुत प्रभावी है और उपभोक्ताओं द्वारा इसे अधिक विश्वसनीय माना जाता है। पुस्तक मेले में युवा पीढ़ी रुझान अधिक धिकाई पड़ रहा है। पुस्तक मेले का मकसद नयी पीढ़ी में पुस्तक प्रेम बढ़ाना है। क्यूंकि इंटरनेट सोशल मीडिया से सम्पूर्ण ज्ञान अर्जन नहीं किया जा सकता। इसके लिए पुस्तक का गहन अध्ययन जरूरी है। जीवन में सफल इंसान बनने की लिए पुस्तक अध्यन जरुरी है। क्योंकि पुस्तक ही सही मार्ग निर्देशित करती है। पुस्तक पढ़ने से सामान्य ज्ञान बढ़ता है। इसमें इतिहास, भूगोल, विज्ञान, खेल, राजनीति, और समसामयिक घटनाओं से जुड़े सवाल-जवाब शामिल होते हैं। पुस्तकें व्यक्ति के बौद्धिक विकास में मदद करती है और कई प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अहम भूमिका निभाती है। पुस्तक सफलता की कुंजी है। ज्ञान अर्जन करने के लिए गुरु के साथ पुस्तक अध्ययन बेहद जरूरी है। कहा कि समय के अभाव में बहुत से ऐसे युवा है जो कोलकाता जाकर पुस्तक खरीदने से कतराते हैं। उन्हें इस पुस्तक मेले से उनकी जरूरत की पुस्तक आसानी से मिल जाती है।

# विश्व हिंदू परिषद की किताबें संवेदनशील? हाईकोर्ट ने आयोजकों को लगाई फटकार



**कोलकाता, समाज्ञा :** इस साल का पुस्तक मेला आगामी 28 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। इसी पुस्तक मेले में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) को स्टॉल देने के मुद्दे पर प्रकाशकों और गिल्ड के साथ विवाद बढ़ गया था। इस मामले में शुक्रवार को कोलकाता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने गिल्ड से सवाल पूछा, क्या आप नहीं जानते कि विश्व हिंदू परिषद का खुद का प्रकाशन है? मामला जस्टिस अमृता सिन्हा की अदालत में आया, जहां उन्होंने पूछा, इतने सालों से अनुमति दे रहे थे, तब आपको यह नहीं लगा कि उनके द्वारा प्रकाशित किताबें संवेदनशील हो सकती हैं? तो फिर क्यों अनुमति दी थी? इस पर गिल्ड की ओर से जवाब आया कि विश्व हिंदू परिषद की किताबें बहुत ही संवेदनशील और विवादास्पद हैं। गिल्ड किसी भी विवाद से बचना चाहता है। इसके बाद, कोर्ट ने गिल्ड को आदेश दिया कि वह सोमवार तक यह स्पष्ट करे कि क्या विश्व हिंदू परिषद को पुस्तक मेले में स्टॉल दिया जाएगा या नहीं।

# सात साल में डीवाईएफआई ने तोड़ा सदस्यता संख्या का रिकॉर्ड

## क्या चुनावी परिणामों पर पड़ेगा असर?

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) के युवा संगठन डीवाईएफआई ने सात सालों में सदस्यता संग्रह में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। संगठन ने 2024 में अपने सदस्य संख्या को 34 लाख तक पहुंचा लिया है। जबकि मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा का आधिकारिक सदस्य संख्या 48 लाख है। अब सवाल यह है कि उ्धत्रख का यह सदस्य संख्या सीपीएम के वोट बैंक पर कितना असर डालेगा। डीवाईएफआई के नेताओं का कहना है कि बंगाल में सीपीएम की सत्ता से निष्कासन के बाद पिछले सात सालों में यह सदस्यता संख्या एक नई ऊंचाई तक पहुंची है। हालांकि, संगठन ने अभी तक इस सदस्यता संग्रह का औपचारिक रूप से आंकड़ा नहीं दिया है। डीवाईएफआई के राज्य अध्यक्ष ध्रुबज्योति साहा ने मीडिया से कहा, हम बहुत जल्द इस विषय पर जानकारी साझा करेंगे। इसके अलावा, 20 जनवरी को मौलाली में पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की पुण्यतिथि पर डीवाईएफआई एक स्मरण सभा आयोजित करेगा, जहां संगठन की सदस्यता संख्या की घोषणा भी हो सकती है। हालांकि, पार्टी के अंदर ही यह सवाल उठ रहा है कि 34 लाख की सदस्य संख्या का वोट बैंक पर क्या असर पड़ेगा।

# बीएसएफ एडीजी ने सीमा पार अपराधों व घुसपैठ को नियंत्रित करने में जवानों की कड़ी मेहनत को सराहा

**✒ सीमा पर उत्पन्न चुनौतियों की समीक्षा के लिए पूर्वी कमान मुख्यालय में फील्ड कमांडरों का सम्मेलन आयोजित**




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर आपरेशनल गतिविधियों और पड़ोसी देश में पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के कारण उत्पन्न चुनौतियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को कोलकाता स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पूर्वी कमान मुख्यालय में फील्ड कमांडरों का सम्मेलन आयोजित किया गया। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) रवि गांधी की अध्यक्षता में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में इस कमान के अंतर्गत आने वाले सीमा सुरक्षा बल के सभी छह फ्रंटियर्स- दक्षिण बंगाल, उत्तर बंगाल, गुवाहाटी, मेघालय, मिजोरम एवं कछार तथा त्रिपुरा फ्रंटियर के सभी महानिरीक्षकों (आइजी) और अन्य स्टाफ अधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन के आरंभ में एडीजी रवि गांधी ने सीमा पार अपराधों और घुसपैठ को नियंत्रित करने में सभी सीमा प्रहरियों द्वारा की गई कड़ी मेहनत और समर्पित प्रयासों की सराहना की। एडीजी ने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक बदलाव के कारण गत वर्ष बहुत चुनौतीपूर्ण रहा, हालांकि सीमा सुरक्षा बल ने सहयोगी एजेंसियों और समकक्ष बार्डर गार्ड बांग्लादेश के साथ मिलकर बहुत ही पेशेवर तरीके से स्थिति को संभाला।

पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा जारी बयान में बताया गया कि बैठक में सीमा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए फ्रंटियर्स के सभी महनिरीक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। वर्तमान समय में उपलब्ध अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा, सीमा के आधारभूत संरचना पर ध्यान केंद्रित किया गया और सीमावर्ती आबादी के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाने पर चर्चा की गई। सम्मेलन के अंत में सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए परिवर्तनात्मक समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# दो लाख के जाली नोट के साथ फर्जी मीडिया कर्मी गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** कथित तौर पर पुलिस ने एक ऐसे फर्जी मीडिया कर्मी को गिरफ्तार किया है जो जाली नोट का धंधा कर देश की आर्थिक व्यवस्था को कमजोर कर रहा था। मामला मुर्शिदाबाद जिले के शमशेर गंज थाने का है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति का नाम विश्वजीत विश्वास (31) के पास से दो लाख रुपये के नकली नोट बरामद हुए। शमशेरगंज थाने की पुलिस ने गुरुवार की शाम से पहले धुलियान कलाबागान स्थित गंगा घाट से उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति विश्वजीत विश्वास मुर्शिदाबाद के लालबाग के मोतीझील इलाके का निवासी है। शमशेरगंज थाने की पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक पीठ पर बैग लेकर धुलियान आया था। योजना यह थी कि जाली नोटों की तस्करी धुलियान में गंगा घाटों को पार करके माल्दा के रास्ते कहीं और करने की थी। पुलिस को युवक की गतिविधियों पर संदेह हुआ। विश्वजीत बिस्वास के बैग की तलाशी में 2 लाख रुपये का नकली नोट मिला। ये सभी नोट पांच सौ रुपये के हैं। पता चला है कि गिरफ्तार किए गए विश्वजीत बिस्वास ने पुलिस के सामने खुद को पत्रकार बताया था। उसने प्रेस कार्ड भी दिखाया। गिरफ्तार के पास से मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित अलमा टाइम्स नाम के एक समाचार पत्र का प्रेस कार्ड मिला है। बहरहाल, पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गिरफ्तार युवक कितने समय से जाली नोटों के कारोबार में संलिप्त है तथा इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**कौशांबी (उप्र) :** कौशांबी जिले की एक अदालत ने हत्या के आरोपी एक व्यक्ति को शुक्रवार को दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि 24 दिसंबर 2005 को जिले के सैनी क्षेत्र में रामकुमार यादव के बेटे राम सुमेर यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में एक उच्चतम माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राम सिंह के बेटे तेज सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि राम सिंह का अपने बेटे तेज सिंह से विवाद रहता था। सुमेर यादव राम सिंह के इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। सिंह जब कहीं आते-जाते थे, तो यादव को साथ ले जाते थे। इस बात को लेकर तेज सिंह उससे चिढ़ता था और इसी रंजिश में उसने यादव की गोली मारकर हत्या कर दी और शव गांव के बाहर नहर के किनारे गड्ढे में फेंक दिया।

### राजस्थान के अनेक इलाकों में कड़ाके की सर्दी, घना कोहरा



**जयपुर :** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और शुक्रवार को अनेक इलाकों में सुबह घने कोहरे के साथ हुई। राज्य में कई जगह न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, शुक्रवार की सुबह तक बीते चौबीस घंटों के दौरान राज्य में कई जगह 'शीत दिवस' यानी कड़ाके की सर्दी का दौर जारी रहा। आज बीकानेर, जयपुर, कोटा, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में घना कोहरा छाया रहा। पूर्वी राजस्थान में कहीं कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई, वहीं पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। इस दौरान न्यूनतम तापमान सिरोही में 3.8 डिग्री, सीकर में 4.0 डिग्री, पिलानी में 6.4 डिग्री, जालोर में 6.8 डिग्री, अजमेर में 6.9 डिग्री, जैसलमेर में 7.0 डिग्री और जयपुर में 7.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

### झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में हथिनी मृत पाई गई

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा वन क्षेत्र के एक खेत में शुक्रवार को एक हथिनी मृत पाई गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रभागीय वन अधिकारी आदित्य कुमार ने बताया कि उन्हें बृहस्पतिवार रात हथिनी की मौत की सूचना मिली थी लेकिन रात होने के कारण उनकी टीम पट्टाजैंत गांव में घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी। उन्होंने बताया कि हथिनी अपने झुंड से अलग होने के बाद रास्ता भटककर जोतिया जंगल के पास के गांव में पहुंच गयी, जहां उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि हथिनी का पोस्टमार्टम कर मौत के कारणों का पता लगाने के लिए उसके शरीर के नमूने रांची स्थित प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि हथिनी के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है और आस-पास के क्षेत्र में बिजली के तार न होने के कारण करंट लगने की संभावना से भी इनकार किया जा रहा है।

### सांसद रवि किशन ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**महाकुम्भ नगर :** गोरखपुर से सांसद और बॉलीवुड अभिनेता रवि किशन ने शुक्रवार को त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने कहा की बड़े सौभाग्य से 144 वर्षों के बाद यह महाकुंभ आया है जिसे भव्य और दिव्य बनाने के लिए महाराज योगी जी (मुख्यमंत्री) ने बहुत विकास कार्य कराए हैं। संगम स्नान के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने सात करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान पर विपक्षी दलों द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर कहा कि जो लोग 2027 में हारने जा रहे हैं, वही इस महाआयोजन पर अंगुली उठा रहे हैं। यह मेले में आ रहे श्रद्धालुओं का अपमान है और सनातन धर्म का अपमान है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष को प्रमाण की क्या आवश्यकता है।

# महाकुंभ में काशी आने वाले श्रद्धालुओं को दी जाए उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधा : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



**वाराणसी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया।

आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को शुरू हुए दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर सर्किट हाउस में महाकुंभ से संबंधित तैयारियों, विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने शीतलहर को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवासों पर अलाव, शौचालय, सफाई, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बयान के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गंगा घाटों पर कड़े सुरक्षा उपाय करने का आह्वान किया। उन्होंने बस स्टैंड पर उचित व्यवस्था करने का आदेश दिया ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। बयान में कहा गया है, ''महाकुंभ के दौरान काशी में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।'' इसमें कहा गया है, ''उन्होंने यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए भी कहा और महिला पुलिस अधिकारियों, होमगार्ड और पीआरडी कर्मियों को प्रशिक्षित करने और उनकी तैनाती करने के निर्देश दिए।'' मुख्यमंत्री ने 24 घंटे सघन गश्त के महत्व पर बल दिया और पुलिस को ऑटो-रिक्शा, ई-रिक्शा और टैक्सी चालकों के साथ-साथ रेहड़ी-पटरी वालों और होटलों, छात्रावासों और होमस्टे में ठहरने वाले मेहमानों की गहन जांच करने का निर्देश दिया, ताकि अवांछनीय तत्वों पर नजर रखी जा सके और उन्हें रोका जा सके।

## महाकुम्भ में कुल 45 करोड़ लोगों के आने का अनुमान, भीड़ प्रबंधन में वरदान साबित हो रहा आईसीसीसी



**महाकुम्भनगर (उप्र) :** प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में मात्र छह दिनों के अंदर सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और पूज्य साधु-संतों ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है और एक आधिकारिक बयान के अनुसार उप्र सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में कुल 45 करोड़ से भी ज्यादा लोग आएंगे। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा महाकुम्भ पुलिस के लिए, भले ही एक बड़ी चुनौती है, लेकिन मेला क्षेत्र में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) भीड़ प्रबंधन के लिहाज से वरदान साबित हो रहा है। इसके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में आ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है बल्कि कई तरह के सर्विलांस में भी यह मददगार बन रहा है। महाकुम्भ के पहले दिन पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान पर भारी भीड़ को सुनियोजित तरीके से नियंत्रित करने में आईसीसीसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईसीसीसी के प्रभारी एसपी अमित कुमार ने बताया कि यहां पर 2750 कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में बल्कि पूरे शहर क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है। तीन कोण से निगरानी की जा रही है, पहला है सुरक्षा, दूसरा प्रबंधन और तीसरा है अपराध। उन्होंने बताया कि हमारे पास जो कैमरे हैं उनसे हम सर्विलांस,भीड़ प्रबंधन और अग्निशमन जैसे तमाम पहलुओं पर नजर रख पा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री योगी से आध्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव 'सदगुरु' ने शिष्टाचार भेंट की



**लखनऊ :** आध्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव 'सद्गुरु' ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाक़ात की। यहां एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुक्रवार को उनके पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव जी ने शिष्टाचार भेंट की। सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने बृहस्पतिवार को प्रयागराज महाकुंभ में भी संतों से मुलाक़ात की थी। बयान में कहा गया कि सद्गुरु लखनऊ आने पर मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हैं। वर्ष 2022 में देश-दुनिया की 30 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी यात्रा के बाद अपने 'सेव सॉइल' (मिट्टी बचाओ अभियान) नारे के साथ लखनऊ पहुंचे सद्गुरु का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया था।

## दलितों को लुभाने की कोशिश : भाजपा ने महाकुंभ में सफाई कर्मचारियों में बांटीं संविधान की प्रतियां



**महाकुम्भ नगर (उप्र) :** प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ मेले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के नेताओं ने सफाई कर्मचारियों में संविधान की प्रतियां बांटीं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में धार्मिक समागम एकता का महान उत्सव है जिसकी गारंटी संविधान देता है। भारतीय संविधान के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी अभियान 'संविधान गौरव अभियान' शुरू करने वाली भाजपा इस पहल के तहत पूरे राज्य में दलितों को सम्मानित कर रही है। उत्तर प्रदेश भाजपा सचिव अभिजात मिश्रा ने बृहस्पतिवार को महाकुम्भ मेले में सफाई कर्मचारियों को माला पहनाकर और संविधान की प्रतियां देकर सम्मानित करने के बाद कहा, ''हम यहां उन लोगों का सम्मान करने आए हैं, जिन्हें गैर-भाजपा दलों और सरकारों ने महज वोट बैंक बना दिया था। अब देश में एक मजबूत, संवेदनशील नेता के नेतृत्व में बदलाव साफ जाहिर हो रहा है।'' मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में दावा किया कि अन्य दल दलितों और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को वोट बैंक के रूप में देखते हैं, लेकिन भाजपा उनका सम्मान करती है। उन्होंने कहा, ''महाकुम्भ एकता का भी एक महान उत्सव है, जिसकी गारंटी संविधान देता है। इसलिए हम संविधान की प्रतियां लेकर आये हैं ताकि हमारे संविधान निर्माताओं के एकता के उस विचार को मजबूत किया जा सके जिसे हमारे राजनीतिक विरोधी नकारना चाहते हैं।''

## न्यूज अपडेट

### झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को अस्पताल में भर्ती कराया गया



**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पेट की बीमारी के कारण शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सरायकेला विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक चंपई सोरेन पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ हैं। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण मुझे आज सुबह टाटा मेन हॉस्पिटल (जमशेदपुर) में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार, चिंता की कोई बात नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''अब मैं काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं और बहुत जल्द पूरी तरह स्वस्थ होकर आप सभी के बीच वापस आऊंगा।''

### उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में नाबालिग लड़की से बलात्कार का आरोपी युवक गिरफ्तार

**महराजगंज (उप्र) :** महराजगंज जिले में शादी का झांसा देकर एक नाबालिग लड़की से बलात्कार करने के आरोप में एक युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी की पहचान विवेक चौरसिया (19) के रूप में हुई है उन्होंने कहा कि आरोपी और 16 वर्षीय पीड़िता के बीच प्रेम प्रसंग था और आरोप है कि चौरसिया ने लड़की को शादी का झांसा देकर उससे बलात्कार किया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अतीश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सिंह ने बताया कि चौरसिया को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया और मामले की जांच की जा रही है।

### 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे वाली पोस्ट करने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**बरेली (उप्र) :** बरेली जिले के नवाबगंज क्षेत्र में पुलिस ने सोशल मीडिया पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे वाली पोस्ट डालकर 'भावनाएं आहत' करने के आरोपी एक युवक को गिरफ्तार किया है।। प्रभारी निरीक्षक राज कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि इमरान नामक 25 वर्षीय युवक ने 'इंस्टाग्राम' अकाउंट से 'पाकिस्तान जिन्दाबाद' के नारे की पोस्ट वायरल की जा रही है, जिससे आम लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने बताया कि पोस्ट की जांच की गयी तो नवाबगंज थाना क्षेत्र के सिजौलिया के निवासी इमरान का नाम सामने आया। शर्मा ने बताया कि इमरान को गिरफ्तार कर लिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

### बलिया में 40 लाख रुपये की हेरोइन के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार




**बलिया (उप्र) :** बलिया जिला मुख्यालय की शहर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को बिहार निवासी पांच लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से 40 लाख रुपये मूल्य की 200 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कृपा शंकर ने बताया कि मादक पदार्थों के विरोध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बलिया शहर कोतवाली पुलिस द्वारा जनेश्वर मिश्र सेतु स्थित पुलिस पिकेट पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इसी दौरान एक चार पहिया वाहन बिहार की तरफ से आते हुए दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। इसपर वाहन चालक ने वाहने पीछे मोड़ने का प्रयास किया। पुलिस टीम वाहन की तरफ दौड़ी तो गाड़ी का गेट खोलकर पांच लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने सभी को घेरकर पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि पकड़े गये व्यक्तियों की पहचान पिंटू कुमार, अरविन्द कुमार, लवकुश तिवारी, मुन्ना कुमार, विकास कुमार तिवारी (सभी बिहार राज्य के निवासी) के रूप में हुई। आरोपियों के पास से 40 लाख रुपये मूल्य की 200 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

## संभल नगर पालिका परिषद ने 123 जर्जर इमारतों को लेकर नोटिस जारी किया, जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया



**संभल (उप्र) :** संभल नगर पालिका परिषद ने जर्जर इमारत वाली 123 संपत्तियों की देखभाल करने वालों को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन संपत्तियों में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) संरक्षित स्थल के रूप में वर्गीकृत संपत्ति या ऐसी विवादित संरचनाओं के 100 मीटर के भीतर स्थित इमारतें भी शामिल हैं। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने संवाददाताओं को बताया कि संभल नगर पालिका परिषद ने जर्जर इमारत वाली 123 जगहों की देखभाल करने वालों को नोटिस जारी किए हैं। उन्होंने कहा, ''इन इमारतों के गिरने का खतरा है और इससे जान-माल का नुकसान हो सकता है।'' जिलाधिकारी ने इनमें से तीन या चार जगहों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करने का भी उल्लेख किया है। संभल में अतिक्रमण हटाने के बारे में पेंसिया ने कहा, ''पिछले तीन से चार महीनों से व्यवस्थित तरीके से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी करने सहित उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।'' सुरक्षा उपायों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ''पिछले सात शुक्रवार की नमाज की तरह इस बार भी तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और शांति सुनिश्चित करने के लिए 31 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे।'' जिलाधिकारी ने कहा कि एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई और मौलवियों ने सद्भाव बनाए रखने की अपील की है। संभल में पिछले साल 24 नवंबर को शहर के कोट गर्वी इलाके में अदालत के आदेश पर मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे।

## यूजीसी ने राजस्थान के तीन विश्वविद्यालयों में पीएचडी कोर्स में नामांकन पर रोक लगाई

**जयपुर :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने राजस्थान के तीन विश्वविद्यालयों में पीएचडी डिग्री कोर्स में विद्यार्थियों के नामांकन पर रोक लगा दी है। आयोग ने विश्वविद्यालयों के खिलाफ पीएचडी के मापदंड पूरे नहीं करने पर यह कार्रवाई की है। इससे पहले इन विश्वविद्यालयों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर यूजीसी की स्थायी समिति ने इनमें पीएचडी कार्यक्रम के तहत नामांकन पर पांच साल के लिए रोक लगा दी है। यूजीसी के नोटिस के अनुसार, इन विश्वविद्यालयों के प्रबंधन को तत्काल प्रभाव से पीएचडी कार्यक्रम में विद्यार्थियों के नामांकन पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। यूजीसी सचिव मनीष आर. जोशी की ओर से बृहस्पतिवार को जारी नोटिस के अनुसार चूरू की ओपीजेएस यूनिवर्सिटी, अलवर की सनराइज यूनिवर्सिटी और झुंझुनू की सिंघानिया यूनिवर्सिटी अब शैक्षणिक सत्र 2025-26 से 2029-30 तक पीएचडी में नामांकन नहीं ले पाएंगी। यूजीसी ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को इन विश्वविद्यालयों में प्रवेश नहीं लेने की चेतावनी दी है। आयोग की जांच में पाया गया कि ये तीनों विश्वविद्यालय पीएचडी डिग्री देने के लिए जरूरी नियमों और मानदंडों का पालन नहीं कर रहे थे। यूजीसी ने अपनी स्थायी समिति की सिफारिशों के आधार पर यह कदम उठाया है। ओपीजेएस और सनराइज यूनिवर्सिटी विवादों में रही है।

## परिवार के छह सदस्यों की हत्या के दोषी दंपति को फांसी की सजा सुनाई गई

**लखनऊ (उप्र) :** लखनऊ की एक विशेष अदालत ने राजधानी के बंथरा क्षेत्र में सम्पत्ति को लेकर अपने ही परिवार के दो बच्चों समेत छह लोगों की हत्या करने के आरोपी दंपति को शुक्रवार को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनायी। अदालत ने दोषी करार दिये गये दंपति को हत्या के जुर्म में फांसी के साथ एक-एक लाख रुपये का जुर्माना, साजिश रचने के जुर्म में आजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा दोषी करार दिये गये पति को शस्त्र अधिनियम के तहत तीन साल की कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। विशेष न्यायाधीश रोहित सिंह ने बंथरा थाना क्षेत्र में 30 अप्रैल 2020 को अपने ही परिवार के दो बच्चों समेत छह लोगों की नृशंस हत्या के आरोपी अजय सिंह और उसकी पत्नी रूपा सिंह को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि दोषियों को तब तक फांसी पर लटकाया जाए जब तक उनकी मौत न हो जाए। अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि जब तक उच्च न्यायालय से फांसी की पुष्टि न हो जाए तब तक दोषी करार दंपति को फांसी पर ना लटकाया जाए। दंपति को हत्या के जुर्म में फांसी की सजा देने के साथ उन पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## बिहार: तेजस्वी ने मोहन भागवत की 'सच्ची आजादी' वाली टिप्पणी की आलोचना की



**पटना :** राजद नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की उस टिप्पणी की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत को राम मंदिर के निर्माण के बाद ''सच्ची आजादी'' मिली। तेजस्वी ने कहा कि यह देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का ''अपमान'' है। जदयू के पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल होने के दौरान तेजस्वी ने पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से से कहा कि भागवत का यह कहना कि भारत को 1947 में आजादी नहीं मिली, उन स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी ने आरएसएस और इसके प्रमुख की मानसिकता को फिर से उजागर कर दिया है। राजद नेता ने महात्मा गांधी का सम्मान करने में कथित विफलता को लेकर भी आरएसएस की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''भागवत की टिप्पणी उस विचारधारा की मानसिकता को दर्शाती है जिसने न तो स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और न ही राष्ट्रपिता का सम्मान किया।'' भागवत को चुनौती देते हुए तेजस्वी ने पूछा, क्या आरएसएस प्रमुख हमें बता सकते हैं कि इस देश में दलितों को सच्ची आजादी कब मिलेगी? आरएसएस दलित विरोधी और आरक्षण के खिलाफ है।

# राजस्थान के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक संवेदनाओं के साथ कर्तव्य का निर्वहन करते हुए स्वस्थ राजस्थान की हमारी संकल्पना को साकार करने में अहम भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा,''प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' की संकल्पना पर काम करते हुए उत्कृष्ट एवं खुशहाल राजस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' शर्मा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। एक बयान के अनुसार, उन्होंने कहा कि चिकित्सक अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं और आगामी बजट में उनके द्वारा दिए गए सुझाव आमजन के लिए लाभकारी हैं। राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के महत्व को समझते हुए हमने गत बजट में चिकित्सा के लिए कुल बजट का रिकॉर्ड 8.26 प्रतिशत आवंटित किया। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव, मातृ-शिशु मृत्यु दर, टीकाकरण, चिकित्सा संस्थानों की उपलब्धता सहित कई मानकों में राजस्थान का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पिछले एक साल में अनेक कदम उठाए गए हैं। आमजन को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा) के माध्यम से 25 लाख रुपये तक का 'कैशलेस' उपचार, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए 73 डे केयर पैकेज, शिशुओं के उपचार के लिए 419 पीडियाट्रिक पैकेज, 8 लाख वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'कैशलेस' उपचार जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

## पंजाब में कई जगहों पर नहीं प्रदर्शित की गई 'इमरजेंसी', एसजीपीसी ने किया विरोध प्रदर्शन




**चंडीगढ़ :** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) और सिख संगठनों द्वारा कंगना रनौत अभिनीत 'इमरजेंसी' के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को पंजाब के सिनेमाघरों में यह फिल्म प्रदर्शित नहीं की गई। अभिनेत्री ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग को 'उत्पीड़न' करार दिया है। शीर्ष गुरुद्वारा संस्था एसजीपीसी और कई सिख संगठनों ने राज्य भर में सिनेमाघरों, 'मल्टीप्लेक्स' और 'मॉल' के बाहर फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन किया। रनौत ने 'इमरजेंसी' फिल्म पर प्रतिबंध की मांग की निंदा की और कहा कि पंजाब के कुछ हिस्सों में फिल्म का प्रदर्शन ना किया जाना कला और कलाकार का उत्पीड़न है। फिल्म में रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म 1975 से 1977 तक 21 महीनों के आपातकाल के दौरान के घटनाक्रम पर केंद्रित है। राजनीतिक पृष्ठभूमि की यह फिल्म केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से प्रमाण पत्र मिलने में देरी और सिख समुदाय का गलत चित्रण करने के आरोपों को लेकर विवादों में रही है। फिल्म की रिलीज में कई बार देरी के बाद इसे शुक्रवार को देश भर में रिलीज किया गया। लुधियाना, अमृतसर, पटियाला और बठिंडा के कई सिनेमाघरों में फिल्म नहीं दिखाई गई। राज्य में मॉल और सिनेमाघरों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया। अमृतसर में प्रदर्शनकारियों को काले झंडे और तख्तियां लेकर जाते देखा गया, जिन पर लिखा था ''फिल्म 'इमरजेंसी' पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए'' और ''फिल्म 'इमरजेंसी' का बहिष्कार किया जाए।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### मोदी सरकार नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्धः गृह मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि नक्सलवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है और नरेन्द्र मोदी नीत सरकार इसे समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय की यह टिप्पणी बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सलियों के मारे जाने के बाद आई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय ने 'एक्स' पर लिखा, ''नक्सलवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है और मोदी सरकार इसे समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। बृहस्पतिवार को बीजापुर (छत्तीसगढ़) में केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त की। मोदी सरकार 'नक्सल मुक्त भारत' बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा।'' बीजापुर जिले में पामेड़-बासागुड़ा-उसूर के घने जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए थे।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 26 करोड़ रुपये की संदिग्ध कोकीन जब्त

**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने शुक्रवार को यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 26.62 करोड़ रुपये का 2.6 किलोग्राम संदिग्ध कोकीन जब्त किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैरोबी से आए एक यात्री के थैले में सफेद पाउडर जैसा पदार्थ पाया गया। उन्होंने बताया कि मौके पर की गई जांच से पता चला कि यह कोकीन है और पुष्टि के लिए इसे आगे के परीक्षण के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला में भेज दिया गया है। पाउडर को थैले की बाहरी और भीतरी परतों के बीच छिपाया गया था। अधिकारी ने बताया कि यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच जारी है।

### लालू के खिलाफ नौकरी के बदले जमीन का मामलाः अदालत ने आरोपी के खिलाफ पेशी वारंट जारी किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने नौकरी के बदले कथित जमीन घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के करीबी सहयोगी अमित कात्याल के खिलाफ शुक्रवार को पेशी वारंट जारी किया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने 31 जनवरी को कात्याल की पेशी के लिए वारंट जारी किया। इससे पहले, न्यायाधीश को बताया गया कि आरोपी इस मामले में पेश नहीं हो सकता क्योंकि वह एक अन्य मामले में गुरुग्राम की भोंडसी जेल में न्यायिक हिरासत में है। न्यायाधीश ने कहा, ''आरोपी संख्या 1 (कात्याल) के वकील द्वारा यह प्रस्तुत किया गया है कि वह वर्तमान में भोंडसी जेल, गुड़गांव में न्यायिक हिरासत में है... और इसलिए आज उपस्थित नहीं है। अगली तारीख के लिए आरोपी के खिलाफ पेशी वारंट जारी किया जाए।''

### हाइसेंसे ने पूर्व भारत में लॉन्च किया 120-इंच लेजर टीवी

**कोलकाता, समाज्ञा :** हाइसेंसे, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स का अग्रणी ब्रांड, ने कोलकाता के आईटीसी रॉयल बंगाल में अपने 120-इंच लेजर टीवी को पूर्व भारत में लॉन्च किया। हाइसेंसे की पेटेंटेड ट्राइक्रोमा लेजर तकनीक से सुसज्जित यह टीवी डॉल्बी विजन, डॉल्बी एटमॉस और उन्नत एआई-संचालित वास्तविक समय अनुकूलन जैसी सुविधाओं से लैस है। यह उपभोक्ताओं को एक अद्वितीय सिनेमाई अनुभव प्रदान करता है। हाइसेंसे ने अपनी 2025 की एयर कंडीशनर रेंज भी प्रदर्शित की, जो घरों में आरामदायक और ठंडा वातावरण बनाए रखने का वादा करती है। इसके अलावा, कंपनी ने म रिलायंस रेसक्यू के साथ साझेदारी की है, ताकि भारतभर में बेहतर बाद-बिक्री सेवाएं प्रदान की जा सकें। हाइसेंसे के सीईओ पंकज राणा ने कहा कि कंपनी जल्द ही प्रीमियम केयर हब्स भी लॉन्च करेगी। हाइसेंसे की वैश्विक पहचान और विस्तार योजनाओं के तहत, कंपनी ने फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 की ऑफिशियल पार्टनरशिप भी हासिल की है।

# अमेरिका यात्रा के दौरान बेंगलुरु में अमेरिकी मिशन से वीजा सेवा शुरू कराना मेरी प्राथमिकता : जयशंकर

**बेंगलुरु :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लंबी प्रतीक्षा के बाद यहां अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के खुलने को द्विपक्षीय संबंधों में मील का पत्थर बताते हुए शुक्रवार को अमेरिकी प्रशासन से अपील की कि वह यह सुनिश्चित करे कि मिशन में वीजा सेवा जल्द से जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा, ''जब मैं (अगले) विदेश मंत्री (मार्को) रुबियो से मिलने जाऊंगा तो मेरे लिए चर्चा का यह पहला विषय होगा। हम इसे जितनी जल्दी पूरा कर लेंगे, उतना ही बेहतर होगा।'' वह भारत में पांचवें अमेरिकी वाणिज्य दूतावास खोले जाने से जुड़े एक समारोह में भाग लेने के लिए शुक्रवार को यहां थे। यहां यह वाणिज्य दूतावास जल्द ही काम करना शुरू कर देगा। भारत में



अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने अपने संबोधन में कहा कि बेंगलुरु स्थित वाणिज्य दूतावास फिलहाल वीजा सेवाएं प्रदान नहीं करेगा। अपने संबोधन में जयशंकर ने आंकड़ों का हवाला देते हुए अमेरिका से अपील की कि वह यथाशीघ्र बेंगलुरु से वीजा सेवा शुरू करे। उन्होंने कहा, ''मैं आंकड़े देख रहा था और यह देखकर बहुत खुश हुआ कि पिछले साल, आरपीओ (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय) बेंगलुरु ने 8,83,000 पासपोर्ट जारी किए। यह सिर्फ एक साल का आंकड़ा है। हिसाब लगाकर देखिए और आप पाएंगे कि यात्रा को सुचारू बनाना कितना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने यह भी कहा कि यहां से हर हफ्ते सैन फ्रांसिस्को के लिए तीन उड़ानें हैं। जयशंकर ने कहा, ''उम्मीद है कि अगर बोइंग और एयरबस अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो और भी बहुत कुछ होगा।'' जयशंकर ने कहा कि बेंगलुरु में 'लंबे समय से' अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की प्रतीक्षा की जा रही थी। उन्होंने कहा, ''पहला, मेरा मानना है कि बेंगलुरू इसका हकदार था और इसकी उम्मीद भी थी।'' उन्होंने कहा, '' मुझे लगता है कि बेंगलुरु का इतना महत्वपूर्ण स्थान है कि मेरे लिए यह जरूरी है कि यहां अमेरिकी राजनयिकों की स्थायी उपस्थिति हो।''

# ईडी ने पीएमएलए के मामले में वाटिका लिमिटेड की 68 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को बताया कि उसने गुरुग्राम स्थित रियल एस्टेट समूह वाटिका लिमिटेड की 68 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। संघीय एजेंसी ने बताया कि कंपनी की भावी परियोजनाओं में निवेश करने वाले निवेशकों से की गई कथित धोखाधाड़ी के मामले में धनशोधन के आरोप की जांच के तहत यह कार्रवाई की गई है। एजेंसी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि धन शोधन की जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा 2021 में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गई है। दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी कंपनी, उसके प्रवर्तकों अनिल भल्ला, गौतम भल्ला और अन्य के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और बेईमानी से निर्दोष निवेशकों/खरीदारों को लुभाने के अपराधों से संबंधित



है। ईडी ने बताया कि वाटिका लिमिटेड से संबंधित 'बिल्डर-निवेशक' मामले में 68.59 करोड़ रुपये मूल्य की 27.36 एकड़ कृषि भूमि सहित नौ अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए बृहस्पतिवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया। इस प्रकरण पर प्रतिक्रिया के लिए कंपनी से संपर्क नहीं किया जा सका। ईडी ने दावा किया कि उसकी जांच में पाया गया कि वाटिका लिमिटेड ने निवेशकों को भविष्य की परियोजनाओं में निवेश के लिए 'प्रलोभन' दिया जिनमें परियोजनाओं के पूरा होने तक निश्चित आय और कार्य होने के बाद संपत्ति को किराए पर देने से होने वाली आय जैसे ''उच्च मूल्य'' की कमाई का लालच दिया गया। एजेंसी ने बताया लेकिन बीच में ही कंपनी ने निश्चित आय का भुगतान करना बंद कर दिया और संबंधित इकाइयों को नहीं सौंपा, जिससे आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति की डिलीवरी आदि के अपराध हुए। ईडी के मुताबिक 600 से अधिक निवेशकों ने कंपनी की चार परियोजनाओं में लगभग 248 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इनमें गुरुग्राम में वाटिका इंटेक्स सिटी सेंटर टॉवर डी, ई और एफ, फरीदाबाद में वाटिका माइंडस्केप्स टॉवर-सी, गुरुग्राम में वाटिका टावर्स (टॉवर-सी) और गुरुग्राम में वाटिका हाई स्ट्रीट (वी लांटे का हिस्सा) शामिल हैं।

# सिर्फ भाजपा में ही एक साधारण सदस्य पार्टी अध्यक्ष बन सकता हैः हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें एक साधारण सदस्य भी समर्पित सेवा के माध्यम से पार्टी अध्यक्ष के पद तक पहुंच सकता है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस जैसी पार्टियों में वरिष्ठ पद अक्सर पारिवारिक संबंधों या आशीर्वाद पर निर्भर करते हैं, वहीं भाजपा कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को महत्व देती है। शर्मा ने लोकसभा सदस्य दिलीप सैकिया के निर्विरोध पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष चुने जाने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''आज का दिन हमारे लिए शुभ है लेकिन इसलिए नहीं कि हमें नया अध्यक्ष मिल रहा है बल्कि आज फिर से यह साबित हो गया है कि हमारी पार्टी में शीर्ष पद पर पहुंचने के लिए किसी को 'राजपरिवार' से होने की जरूरत नहीं है। एक साधारण 'स्वयंसेवक' अगर समर्पण के साथ काम करे तो वह भी अध्यक्ष बन सकता है।'' उन्होंने दावा किया, ''अगर हम कांग्रेस या अन्य पार्टियों को देखें, तो सबसे पहले यह विश्लेषण किया जाएगा कि उन्हें किसका 'आशीर्वाद' मिला है या वे किस 'परिवार' से हैं, तभी कोई शीर्ष पद पर पहुंच सकता है।'' शर्मा ने कहा कि भाजपा में हमेशा ऐसे साधारण कार्यकर्ताओं की तलाश रहती है, जिन्होंने अपने काम से खुद को असाधारण साबित किया हो।

# भारत की आक्रामक और रक्षात्मक प्रतिक्रिया को मजबूत करने की जरूरतः राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था में उथल-पुथल के मद्देनजर भारत की आक्रामक और रक्षात्मक प्रतिक्रियाओं को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में यह भी कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती मौजूदगी से भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा योजनाकारों में चिंता पैदा हो गई है। सिंह ने कहा कि भारत की आर्थिक समृद्धि हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जल की रक्षा करना और समुद्री मार्गों को सुरक्षित रखना महत्वपूर्ण है। वह




2024 को नौसेना नागरिक वर्ष के रूप में मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। अपने संबोधन में सिंह ने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में हो रही उथल-पुथल के मद्देनजर भारत की आक्रामक और रक्षात्मक प्रतिक्रियाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। रक्षा मंत्री ने तनावपूर्ण भू-राजनीतिक सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर सशस्त्र बलों के लिए बढ़ती जटिलताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ''अगर हम रक्षा और सुरक्षा के नजरिए से पूरे दशक का आकलन करें तो हम कह सकते हैं कि यह एक उतार-चढ़ाव भरा दशक रहा है।'' रक्षा मंत्री ने कहा, ''हम दुनिया भर के विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष और युद्ध देख रहे हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, हमें अपनी सुरक्षा के लिए योजना, संसाधन और बजट की आवश्यकता है।'' सिंह ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी हितधारकों से सुझाव लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''हमारे सशस्त्र बलों को बदलते समय के अनुसार सुसज्जित और तैयार रहना चाहिए।''

## न्यूज अपडेट

### यूएपीए मामलाः न्यायालय का प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के पूर्व अध्यक्ष अबूबकर को जमानत देने से इनकार

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने आतंकवाद निरोधी कानून 'यूएपीए' के तहत दर्ज मामले में प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूर्व अध्यक्ष ई. अबूबकर को चिकित्सा आधार पर जमानत देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। अबूबकर को 2022 में संगठन के खिलाफ राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की बड़े पैमाने पर की गई कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया था। निचली अदालत द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद उसने उच्च न्यायालय का रुख किया था। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने कहा कि चिकित्सा रिपोर्ट देखने के बाद वह इस चरण में अबूबकर को रिहा करने के इच्छुक नहीं है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को जमानत के लिए निचली अदालत में जाने की छूट दी।

### गजराज टीवीएस ने कोलकाता में भव्य शोरूम का उद्घाटन किया

**कोलकाता :** गजराज टीवीएस ने सॉल्टलेक सेक्टर-5 में स्थित नलबन फूड पार्क के विपरीत में अपने शोरूम और वर्कशॉप का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में टीवीएस के नेशनल सेल्स मैनेजर श्री अजय गुप्ता, टीवीएस के नेशनल सर्विस मैनेजर श्री समीर सिंह, टीवीएस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, और गजराज ग्रुप के चेयरमैन श्री विष्णु जालान सहित कई अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। कोलकाता के सॉल्टलेक सेक्टर-5 में आर.डी.बी सिनेमा के सामने गजराज टीवीएस का नया शानदार शोरूम और वर्कशॉप लगभग 12,000 स्कायर फीट क्षेत्र में फैला हुआ है। यह कोलकाता में पहला ऐसा शोरूम है जिसमें इतनी विशाल मोटरसाइकिल और स्कूटरों का संग्रह किया जाएगा। यहां टीवीएस के हर मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां, गजराज टीवीएस के डायरेक्टर श्री सुरपति रायचौधुरी ने कहा, कोई भी ग्राहक जो वाहन खरीदेगा, उसे उसी दिन नंबर प्लेट के साथ डिलीवरी मिल जाएगी और यह कुछ ऐसा है जो केवल गजराज टीवीएस ही कोलकाता में प्रदान कर सकता है। हमारी सभी प्रमुख सरकारी और निजी बैंकों एवं फाइनेंसरों के साथ टाई-अप के कारण, हमारे ग्राहक एक घंटे के अंदर बैंक लोन की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

### केरल : आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने त्रिप्पूणितुरा के अमेदा नागराज मंदिर में पूजा अर्चना की



**कोच्चि :** संगठनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेने केरल आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार सुबह त्रिप्पुनितुरा स्थित अमेदा नागराज मंदिर में जाकर 'सप्त मातृ' और 'नाग' देवताओं की पूजा-अर्चना की। आरएसएस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक भागवत ने 'पुल्लुवन' गीत सुना और मंदिर में 'नाग' देवताओं की पूजा अर्चना की। विज्ञप्ति के मुताबिक भागवत ने मंदिर में सप्त मातृ यानी सात देवियों ब्राह्मणी, माहेश्वरी, कुमारी, वैष्णवी, वराही, इंद्राणी और चामुंडी की पूजा अर्चना की। मंदिर पदाधिकारियों ने फूलों की माला से उनका स्वागत किया और उन्हें चांदी से बनी 'सप्त मातृ नाग' प्रतिमा भेंट की, जिसमें ग्लोब को पांच मुंह वाले सांप के ऊपर रखा गया है तथा पीठ पर सात देवियों की छवियां अंकित हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक आरएसएस प्रमुख ने मूर्तिकार एम. एल. रमेश को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया, जो तपस्या कला साहित्य वेदी की त्रिप्पुनितुरा इकाई के अध्यक्ष भी हैं। संगठन के एक सूत्र ने बताया कि भागवत कुछ संगठनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए 16 से 21 जनवरी तक केरल में हैं और इस दौरान उनकी कोई सार्वजनिक बैठक या मीडिया से बातचीत नहीं होगी। सूत्र ने बताया कि आरएसएस प्रमुख फरवरी में दो दिन के लिए फिर से केरल आएंगे और उस दौरान जनसभाएं करेंगे।

# सुरक्षा बलों ने कठुआ में शुरू किया तलाशी अभियान, जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाई गई

**कठुआ/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को तलाशी अभियान शुरू किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गणतंत्र दिवस समारोह से पहले जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है तथा पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने सुरक्षा अधिकारियों को आंतरिक और सीमावर्ती क्षेत्रों में उच्च स्तर की सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। लोगों की तलाशी और वाहनों की जांच भी तेज कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि के बारे में मिली सूचना के आधार पर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने ग्राम




रक्षा रक्षक (वीडीजी) के सहयोग से बिलावर बेल्ट के वन क्षेत्रों में तलाशी अभियान शुरू किया। सूत्रों ने जानकारी दी कि इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और स्थानीय लोगों को घरों के अंदर रहने की सलाह दी गई है, क्योंकि संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के लिए अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं तथा संदिग्ध स्थानों के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी 'स्वामित्व योजना' के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। पंचायती राज मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, 10 राज्यों – छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश – और दो केंद्र शासित प्रदेशों – जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के 50,000 से अधिक गांवों के लाभार्थियों को कार्ड प्राप्त होंगे। प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना की शुरुआत ड्रोन तकनीक से भूखंड का मानचित्रण करके संपत्ति मालिकों को कानूनी स्वामित्व कार्ड जारी करने के साथ गांव के गृहस्वामियों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करने के लिए की गई है। यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण एवं बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण को संभव बनाने; संपत्ति संबंधी विवादों को कम करने; ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों व संपत्ति कर के बेहतर आकलन की सुविधा प्रदान करने और ग्राम-स्तर की व्यापक योजना के निर्माण में भी मदद करती है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे जहां वह चयनित लाभार्थियों से बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित भी करेंगे। बयान में कहा गया कि यह अवसर स्वामित्व योजना के तहत लगभग 2.25 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार करने और वितरित करने और एक ही दिन में लगभग 65 लाख संपत्ति कार्ड वितरित करने की एक बड़ी उपलब्धि का भी प्रतीक है।

# कैदियों के सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करने के लिए जेल प्रशासन में सुधार की जरूरतः न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि कारागार में बेहतर माहौल के लिए जेल प्रशासन में सुधार की जरूरत है ताकि कैदियों को संविधान के तहत सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिल सके। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने 'फ्योदोर दोस्तोवस्की' की प्रसिद्ध पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा, किसी समाज में सभ्यता का अंदाजा उसकी जेलों में प्रवेश करके लगाया जा सकता है। पीठ ने कैदियों के साथ सम्मान और मानवीय परिस्थितियों के अधिकार वाले मनुष्य के रूप में व्यवहार करने के महत्व को रेखांकित किया। पीठ ने यह टिप्पणी झारखंड उच्च न्यायालय के उस फैसले को खारिज करते हुए की। उच्च न्यायालय ने विकास तिवारी नाम के एक अपराधी को राज्य के एक जेल से दूसरे जेल में स्थानांतरित करने के फैसले को रद्द कर दिया था। पीठ ने जेल सुरक्षा सुनिश्चित करने और संभावित गिरोह हिंसा को रोकने की आवश्यकता का हवाला देते हुए जेल महानिरीक्षक के आदेश को बहाल कर दिया। उच्चतम न्यायालय के इस फैसले ने भारत के जेल प्रशासन में प्रणालीगत कमियों को रेखांकित किया और कैदियों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया।

# दिल्ली सरकार को केंद्र की स्वास्थ्य योजना पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के आदेश पर रोक

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें दिल्ली सरकार को 'पीएम-आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन' (पीएम-एबीएचआईएम) को लागू करने के लिए पांच जनवरी तक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने को कहा गया था। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 24 दिसंबर 2024 के निर्देश के खिलाफ दिल्ली सरकार द्वारा दायर याचिका पर केंद्र एवं अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अदालत को याचिका पर नोटिस जारी करना चाहिए क्योंकि आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार को केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सिंघवी ने पूछा, ''उच्च न्यायालय मुझे (दिल्ली सरकार को) नीतिगत मामले में केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए कैसे मजबूर कर सकता है?'' दिल्ली सरकार की याचिका अधिवक्ता तल्हा अब्दुल रहमान के माध्यम से दायर की गई है। पिछले साल 24 दिसंबर को पारित अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने दिसंबर 2024 में हुई बैठक के ब्योरे का हवाला दिया और कहा कि 'पीएम-एबीएचआईएम' को पूरी तरह से लागू करना होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिल्ली के निवासी इसके तहत कोष और सुविधाओं से वंचित नहीं हों। अदालत ने कहा था कि दिल्ली में 'पीएम-एबीएचआईएम' को लागू नहीं करना उचित नहीं होगा, जबकि 33 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इसे पहले ही लागू कर चुके हैं। उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि ''चूंकि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र शासन (जीएनसीटीडी) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने हैं, इसलिए उक्त एमओयू पर पांच जनवरी, 2025 तक हस्ताक्षर किए जाएं।''

# सैफ पर हमला मामले में पुलिस ने बढ़ई से पूछताछ की

## मंत्री ने अंडरवर्ल्ड का हाथ होने से इनकार किया

**मुंबई :** मुंबई के बांद्रा इलाके में बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर उनके ही घर में हुए चाकू से हमले के सिलसिले में पुलिस ने शुक्रवार को एक बढ़ई से पूछताछ की जबकि राज्य सरकार के एक मंत्री ने इस घटना में अंडरवर्ल्ड का हाथ होने से इनकार किया। सैफ (54) पर बुधवार देर रात उनके बांद्रा स्थित आवास पर एक हमलावर ने धारदार हथियार से हमला किया था जिसमें उनकी गर्दन समेत छह जगह पर चोट आई। सैफ का उपचार कर रहे चिकित्सकों ने कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और उन्हें दो-तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। अधिकारी ने बताया कि बढ़ई की पहचान वारिस



अली सलमानी के रूप में हुई है, जिसे पूछताछ के लिए बांद्रा थाने ले जाया गया क्योंकि उसका हुलिया घुसपैठिए से मिलता-जुलता है, जिसने चोरी के प्रयास के दौरान सैफ पर चाकू से कई वार किए थे। बृहस्पतिवार को सामने आए सीसीटीवी फुटेज में हमलावर का चेहरा साफ तौर पर दिखाई दिया। वीडियो में देर रात लगभग 2:30 बजे लाल गमछा डाले और एक बैग लिये हमलावर को 'सतगुरु शरण' इमारत की छठी मंजिल से सीढ़ियों से नीचे भागते हुए देखा गया, जहां खान रहते हैं। अधिकारी के मुताबिक, सलमानी ने घटना से दो दिन पहले अभिनेता के फ्लैट पर काम किया था। अधिकारी ने बताया कि काम कराने वाले ठेकेदार ने बढ़ई को हमले के बारे में सूचित किया था। उन्होंने बताया कि घंटों तक पूछताछ के बाद पुलिस उसे एक अज्ञात स्थान पर ले गई। एक और अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि पूछताछ के लिए बांद्रा थाने में लाए गए व्यक्ति का खान पर हमले से कोई संबंध नहीं है।

### 'स्ट्रेचर लाओ, मैं सैफ अली खान हूं': ऑटो रिक्शा चालक ने बताई हमले वाली रात की आंखों देखी

ऑटो रिक्शा चालक भजन सिंह राणा ने कहा कि उन्हें पता नहीं था कि बृहस्पतिवार तड़के खून में लथपथ कुर्ते में बैठे जिस व्यक्ति को वह लीलावती अस्पताल ले जा रहे हैं वह बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान हैं। ऑटो चालक ने शुक्रवार को मुंबई में पत्रकारों से कहा, जब हम अस्पताल के गेट पर पहुंचे तो उन्होंने (सैफ) गार्ड को 'स्ट्रेचर' लाने के लिए कहा और बताया कि वह सैफ अली खान हैं। राणा ने कहा कि सतगुरु शरण बिल्डिंग से गुजर रहे थे तो एक महिला और कुछ अन्य लोगों ने उनसे ऑटो रिक्शा रोकने के लिए कहा। सैफ सतगुरु शरण बिल्डिंग में रहते हैं। उन्होंने कहा, फिर खून में लथपथ सफेद कुर्ते में एक व्यक्ति ऑटो में बैठा। मैंने देखा कि उनकी गर्दन और पीठ पर घाव थे, लेकिन हाथ पर लगे घाव पर ध्यान नहीं गया। राणा से पूछा गया कि क्या खान के बेटे तैमूर उनके साथ अस्पताल गए थे तो उन्होंने कहा, वह (सैफ) ऑटो रिक्शा में बैठे। सात-आठ साल का एक लड़का भी रिक्शा में बैठा। ऑटो रिक्शा चालक ने कहा कि पहले बांद्रा में होली फैमिली अस्पताल जाने की योजना थी, लेकिन फिर सैफ ने बांद्रा में ही स्थित लीलावती अस्पताल ले जाने के लिए कहा।

# खुदकुशी के लिए उकसाने की धारा यांत्रिक ढंग से न लगाएं

## पुलिस को संवेदनशील बनाया जाएः शीर्ष अदालत

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि किसी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा केवल मृतक के व्यथित परिवार के सदस्यों की भावनाओं को शांत करने के लिए यांत्रिक ढंग से नहीं लगाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि जांच एजेंसियों को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए ताकि लोगों को एक ऐसी प्रक्रिया के दुरुपयोग का शिकार न होना पड़े करना पड़े जिसे साबित नहीं किया जा सके। पीठ ने कहा, ''ऐसा लगता है कि पुलिस भादंसं की धारा 306 का लापरवाही से और बहुत आसानी से इस्तेमाल करती है। वैसे जहां मूल आधार हो, उन वास्तविक मामलों में शामिल व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए लेकिन इस प्रावधान का इस्तेमाल केवल मृतक के व्यथित परिवार की तात्कालिक भावनाओं को शांत करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।'' पीठ ने कहा,''प्रस्तावित आरोपी और मृतक के आचरण, संबंधित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु से पहले उनकी बातचीत और वार्तालाप को व्यावहारिक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए और उसे जीवन की दिन-प्रतिदिन की वास्तविकताओं से अलग नहीं किया जाना चाहिए। संवाद में प्रयुक्त अत्युक्ति को बिना किसी अतिरिक्त कारण के आत्महत्या के लिए उकसाने के रूप में महिमामंडित नहीं किया जाना चाहिए।''

